हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- क...ख...ग... छोड़कर पूरे दिन बच्चे करते रहे छपाक...छई
- माथा पकड़कर बैठे रहे शिक्षक, कहा- पढ़ाएं या गड्ढे पार करना सिखाएं?



## स्कूल छोड़िए... राजधानी में डूब गया 'शिक्षा कार्यालय' ही, पढ़ाई छोड़कर पानी से बचना सीख रहे छात्र







हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के दिनों में स्कूलों के डूबने की घटनाएं अब आम हो गई हैं। दो दिनों तक होती रही बारिश के बाद प्रदेशभर से कई तरह की तस्वीरें सामने आ रही हैं, जिनमें बच्चे नदी पार करके स्कूल जाते हुए या कक्षाओं की टपक रही छत के नीचे पढ़ाई करते हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन इन सबको पछाड़ते हुए राजधानी रायपुर एक कदम आगे निकल गया है। यहां स्कूल छोड़िए जिला शिक्षा कार्यालय ही खुद पानी में डूब गया। राजधानी के स्कूलों में तो बच्चे कूदते-फांदते कक्षा तक पहुंचते रहे, शिक्षा की कमान संभालने वाले अधिकारी-कर्मचारी भी बारिश से बचने जद्दोजहत करते रहे।

### इधर... हम जवाब नहीं देंगे

पूरे मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उसी तरह से चुप्पी साध ली, जैसे अन्य मामलों में साधते रहे हैं। उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया। वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वे प्रतिवर्ष मैदान और जलभराव की स्थिति के बारे में बताते रहते हैं, लेकिन पैसे सिर्फ कक्ष निर्माण के लिए ही मिलते हैं, मैदान के लिए नहीं। हमें खुद भी समझ नहीं आ रहा है कि बच्चों को पढ़ाया सिखाएं या पानी में तैरना?



**केस 01 शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव :** यहां की तस्वीर हरिभूमि ने पिछले वर्ष भी प्रकाशित की थी, लेकिन प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ा। इस बार भी यही स्थिति रही। मैदान में इस छोर से उस छोर तक पानी भरा रहा, जिससे स्कूल की पूरी बिल्डिंग का स्पष्ट प्रतिबिंब उसी तरह पानी में तैरता रहा, जैसे बच्चों का भविष्य हवा में तैर रहा है।

**केस 02 शासकीय विद्यालय जोरा :** यहां भी भाठागांव के शासकीय विद्यालय की ही तरह स्थिति रही। बच्चों ने अपनी साइकिल जैसे-तैसे जगह ढूंढकर पार्क की। इसके बाद बचते-बचाते कक्षा तक पहुंचे।

**केस 03 शासकीय प्राथमिक शाला देवपुरी :** यहां पानी के बीच छात्र पानी भरते रहे। दरअसल, यहां पीने के पानी के लिए बोरिंग की व्यवस्था है। मैदान में चारों तरफ पानी भरा होने के कारण बोरिंग भी पानी में डूब गया। पीने का पानी हासिल करने छात्रों को गंदे पानी में उतरना ही पड़ा। यहां इतना अधिक पानी भर गया कि पेड़ की टूटी टहनियां ही पानी में तैरने लगी।

**केस 04 शासकीय विद्यालय लाभांडी:** यहां पानी से भरे मैदान के मध्य छात्रों की कक्षाएं संचालित हो रही। चूंकि बच्चे पानी पार करके आए थे इसलिए सभी के जूते-चप्पल कीचड़ से सने रहे। इन्हें कक्षा के बाहर ही छात्रों ने उतार दिया।

## कहीं आंगन डूबा, कहीं किचन तक घुसा बदबूदार पानी, चूल्हे नहीं जले, लंच पैकेट से मिटाई भूख, पंप लगाकर पानी निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सावन महीने की शुरुआत से पहले राजधानी में रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मंगलवार को तीसरे दिन शहर में सुबह से बारिश की झड़ी लगने से निचली बस्तियों में जलभराव से रहवासी परेशान रहे। प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1, 2, 4 में सड़क से लेकर गलियों तक पानी भर गया। शीतला कालोनी कुशालपुर में दर्जनों घरों में बारिश के साथ नाली का बदबूदार पानी घुस गया। इससे रसोईघर के चूल्हे नहीं जले। पानी निकालने निगम से मोटर पंप बुलाने की नौबत आ गई। बरसते पानी में छतरी लेकर पहुंचे वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर ने प्रभावित परिवारों के लिए लंच पैकेट भेजकर उनकी भूख मिटाई। समता कालोनी मुख्य मार्ग, जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग, मोतीबाग चौक पर सालेम स्कूल से बंजारी बाबा मजार तक लबालब पानी भरा रहा।

***शीतला कालोनी में बिटिया को गोद में लेकर स्कूल छोड़ने निकले पालक :*** वामनराव वार्ड के शीतला कालोनी गली नंबर 3 में घरों से लेकर सड़क तक जलभराव होने से पालक चिंतित रहे। बस्ता लेकर स्कूल जाने तैयार बिटिया को गोद में उठाकर पालक जैसे तैसे ▶▶|शेष पेज 11 पर

- शहर का ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त, बाजार से लेकर मल्टीलेवल पार्किंग तक पानी-पानी
- बंजारी बाबा मजार से शास्त्री बाजार मार्ग में जलभराव से लोग परेशान

### प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1, 4 के घरों में 2 फीट तक भर गया गंदा पानी, शीतला कालोनी गली नंबर 1 और 3 में जलभराव



### बंजारी बाबा से शास्त्री बाजार मार्ग लबालब, जनता परेशान

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित मोतीबाग चौक के बंजारी बाबा मार्ग से शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग की सड़क पर घुटना भर पानी भरने से राहगीरों, दोपहिया, तिपहिया चालक खासे परेशान रहे। बरसते पानी में स्कूली छात्राओं को अपने गंतव्य तक जाने में दिक्कत हुई। सड़क के दोनों ओर गंदा पानी भरने से पैदल चलने वालों को वाहनों के छींटे का सामना करना पड़ा। शास्त्री बाजार के सामने नाली की गंदगी पूरे वेग के साथ सड़क पर बहती नजर आयी।



**शैलेन्द्र नगर में लक्ष्मण सतपथी चौक में लबालब पानी:** पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड के शैलेन्द्रनगर स्थित लक्ष्मण सतपथी चौक में आधा घंटे की तेज बारिश में लबालब पानी भर गया। चौक के आसपास सड़क किनारे खड़े दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन के पहिये पानी में डूबे रहे। प्रमुख मार्ग होने के कारण जलभराव से यातायात बाधित रहा। गंदे पानी से होकर किसी तरह लोग अपने गंतव्य की ओर निकले।

**निगम के जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में भरा पानी :** नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर पुराना बस स्टैंड के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग भी जलभराव से अछूती नहीं रही। हालत ये रही कि माइनस 2 एरिया में पानी भरने की वजह से गाड़ियां पार्क नहीं हो सकीं। दीवारों में सीपेज और जगह-जगह गंदगी नजर आयी। इसी तरह महात्मा गांधी सदन के बेसमेंट ▶▶|शेष पेज 11 पर

## आधी रात शुरू हुई बारिश, तड़के झमाझम, दोपहर बाद मिली राहत अब तक 266 मिमी. वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले दो दिन से हो रही जोरदार बारिश ने रायपुर समेत मध्य हिस्से की तस्वीर बदल दी है। भारी और लगातार वर्षा से राजधानी भी पानी-पानी हो गई है। आधी रात के बाद शुरू हुई बारिश सुबह में झमाझम रूप से दोपहर तक बरसते रही। शहरी इलाके के साथ इसका जोरदार असर आरंग, गोबरा-नवापारा, मंदिर हसौद, माना में भी रहा। रायपुर जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक 266 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से पांच प्रतिशत से अधिक है।

- चौबीस घंटे में 66 मिमी. बरसात, मध्य हिस्से मे आसार आज भी बने हुए

मौसम विभाग का अनुमान है कि मध्य हिस्से में अगले चौबीस घंटे में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती। अलबत्ता जुलाई के पहले सप्ताह में मानसूनी बादलों ने पानी की कमी की समस्या को दूर कर दिया है। बंगाल की खाड़ी में बनने वाला सिस्टम अक्सर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से असरकारक नहीं हो रहा था। इस बार सिस्टम बना और ▶▶|शेष पेज 11 पर

### प्रदेश में 330 मिमी. बारिश

आठ जुलाई की स्थिति में प्रदेश में 330 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक है। अभी बेमेतरा, सुकमा, राजनांदगांव और दुर्ग जिला की औसत वर्षा कम है। बलरामपुर, जांजगीर, मोहला मानपुर और रायगढ़ जिला बारिश से लबालब हो चुका है। सूरजपुर, सारंगढ़, सक्ती, मुंगेली, कोरिया, कोरबा, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, बीजापुर, बस्तर तथा बलौदाबाजार में अच्छी बारिश हो चुकी है। बालोद, धमतरी, गरियाबंद, जशपुर, कबीरधाम, कांकेर, खैरागढ़-छुईखदान, कोंडागांव, महासमुंद, मनेन्द्रगढ़, नारायणपुर, रायपुर और सरगुजा सामान्य स्थिति में है।

**यात्रियों की सुरक्षा, पारदर्शिता बनाने मंडल ने प्रस्ताव बनाकर जोन कार्यालय भेजा**

## रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर पर कर्मचारी बॉडी वॉर्न कैमरे लगाकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




खास खबर

रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर और यूटीएस जनरल टिकट काउंटर के कर्मचारियों को बॉडी वॉर्न कैमरे लगाकर ड्यूटी करना होगा। अक्सर शिकायत मिलती रही है कि टिकट काउंटर कर्मचारियों द्वारा बीच-बीच में अपने परिचितों, दलाल आदि के टिकट बनाए जाते हैं, जबकि काउंटर पर लंबी लाइन लगी होती है। इसे लेकर अक्सर विवाद उत्पन्न होता है।

कई बार यात्री भी जानबूझकर उलझते हैं। लाइन में लगी भीड़ और कर्मचारियों के संवाद को इस कैमरे में रिकॉर्ड किया जा सकेगा, जिससे किसी विवाद की स्थिति में सटीक तथ्य सामने आ सकेंगे। साथ ही कर्मचारियों के व्यवहार पर भी नजर रखी जा सकेगी। इसके लिए रेल मंडल से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। इससे पहले रेलवे ने टिकट जांच स्टाफ के लिए यह व्यवस्था लागू की थी। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में 50 स्टाफ ट्रेन व स्टेशन में कंधे पर कैमरा लगाकर ड्यूटी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी कुछ स्टाफ छूट गए हैं। इन्हें भी कैमरे दिए जाएंगे। इसके साथ-साथ रिजर्वेशन व जनरल टिकट काउंटर के कर्मचारियों को भी बॉडी वॉर्न कैमरा देने की योजना बनाई गई है। इससे दोनों जगहों के कार्यों में पारदर्शिता आएगी।

### हाई क्वालिटी वीडियो और ऑडियो होगा रिकॉर्ड

बॉडी वॉर्न कैमरा एक छोटा, हल्का और पहनने योग्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस होता है, जिसे आमतौर पर किसी व्यक्ति के शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे शर्ट की जेब, कॉलर या जैकेट पर लगाया जा सकता है। इस कैमरे की मदद से हाई क्वालिटी वीडियो और ऑडियो रिकॉर्ड किया जा सकता है, जिससे किसी घटना या बातचीत का वास्तविक प्रमाण सुरक्षित रखा जा सकता है।

### स्वीकृति के बाद कैमरे खरीदे जाएंगे

पीआरएस व यूटीएस कर्मचारी आने वाले दिनों में बॉडी वॉर्न कैमरा लगाकर ड्यूटी करेंगे। इस योजना का प्रस्ताव बनाकर जोन मुख्यालय भेजा गया है, वहां से स्वीकृति आने के बाद कैमरे खरीदे जाएंगे।

\- अवधेश कुमार त्रिवेदी
सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल

### रेलवे के कामकाज में आएगा सुधार

रायपु रेल मंडल अभी यात्रियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और सेवा गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में जोर दे रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और यात्रियों के बीच विश्वास को सुदृढ़ करना है। कैमरे खरीदने के लिए जोन मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से स्वीकृति मिलना तय भी है, क्योंकि यह अच्छी पहल है और रेलवे के कामकाज में सुधार आएगा। यह पहल दोनों पक्ष यात्री और रेल कर्मचारी के हित में है।

## केके श्रीवास्तव को भगाने के आरोप में युवा कांग्रेस नेता गिरफ्तार

- केके के साथ मिलकर चुनाव में कांग्रेस का टिकट दिलाने का झांसा देकर ठगी का आरोप
- आशीष शिंदे उर्फ रवि चोरहा पूर्व में बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली के कारोबारी को स्मार्ट सिटी में काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ रुपए ठगी के आरोपी कथित तांत्रिक तथा कारोबारी केके श्रीवास्तव को भगाने में मदद करने के आरोप में तेलीबांधा थाना की पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवा कांग्रेस नेता ने केके को भगाने में मदद करने अपनी गाड़ी दी थी। केके तथा उसके बेटे को भगाने में मदद करने के आरोप में पुलिस ने ▶▶|शेष पेज 11 पर

### केके के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलिंग

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आशीष सिंदे पूर्व में कांग्रेस नेता आसिफ मेनन के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता था। आसिफ से अलग होने के बाद आशीष ने केके के साथ जुड़कर उसके लिए विधानसभा, पंडरी ▶▶|शेष पेज 11 पर

## प्रदेशभर में पापुनि का सर्वर बैठा

### सुबह 8 बजे बुलाया, किताबें दी 7 घंटे बाद भड़के शिक्षकों ने कहा- भजन करें क्या?

- बारकोड स्कैनिंग के बाद अब सर्वर की दिक्कतें
- पूरे प्रदेश में मंगलवार दोपहर 3 बजे के बाद शुरू हो सका वितरण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पाठ्यपुस्तक निगम की किताब वितरण प्रणाली इस बार बुरी तरह ठप हो गई है। बारकोड स्कैनिंग को लेकर हो रही परेशानी के बीच मंगलवार को पापुनि का सर्वर ही बैठ गया। शिक्षकों को विभिन्न डिपो में पुस्तक ले जाने के लिए सुबह 8 बजे का समय दिया गया था। कई स्कूलों के शिक्षक मालवाहक गाड़ी लेकर सुबह 7 बजे ही निर्धारित केंद्रों में पहुंच गए थे। सर्वर डाउन होने के कारण वितरित किए जाने वाले किताबों की ऑनलाइन एंट्री नहीं हो सकी। पापुनि के सर्वर में स्कूलों के नाम, उन्हें वितरित की जाने वाली किताबों की संख्या सहित अन्य जानकारी अपलोड किए जाने के बाद ही वितरण किया जाता है।

चूंकि सर्वर ठप था, इसलिए ये जानकारी दर्ज नहीं हो सकी। दोपहर 3 बजे सर्वर प्रारंभ होने के बाद वितरण कार्य प्रारंभ हो सका। ना केवल राजधानी रायपुर ▶▶|शेष पेज 11 पर

### इधर, किताबें उठाने से ही इंकार

निजी स्कूलों को प्रदान की जाने वाली कई किताबें पापुनि अब तक नहीं छाप सका है। इसमें छठवीं कक्षा की संस्कृत, आठवीं कक्षा की गणित, विज्ञान सहित संस्कृत तथा नवमी कक्षा की इंग्लिश की किताबें इंग्लिश माध्यम के अंतर्गत पहली कक्षा की इंग्लिश, दूसरी, चौथी और पांचवीं कक्षा की हिंदी, आठवीं कक्षा की गणित और नवमी कक्षा की इंग्लिश की भी किताबें शामिल हैं। निजी स्कूलों को आधी किताबें देकर लौटाया जा रहा है। अब प्रदेशभर के निजी स्कूलों ने किताबें ले जाने के लिए दोबारा डिपो जाने से इनकार कर दिया है। निजी स्कूल संघ ने मांग करते हुए कहा है कि शेष किताबें अब उन्हें भी शासकीय विद्यालयों की भांति संकुल के जरिए दी जाए।

### प्रताड़ना का नया तरीका

हमें प्रताड़ित करने नए-नए तरीके ढूंढे जा रहे हैं। हम अपनी किताबें रद्दी में नहीं बेचते। जो बेचते हैं, उन पर सख्ती हो ना कि हम पर। **- राजीव गुप्ता**
अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

## तरुण बाजार के पास नाली में गाय गिरी, निगम टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में मंगलवार को तेज बारिश के दौरान जोन 6 क्षेत्र के संतोषी नगर तरुण बाजार के बड़ी नाली में अचानक एक गाय गिर गयी। नागरिकों ने इसकी जानकारी तत्काल जोन 6 को दी। सूचना मिलने पर जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य हजारी को स्थल पर भेजा। निगम की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से नाली में गिरी गाय को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया।



- तेज बारिश में अचानक बड़ी नाली में गाय गिरी

तरुण बाजार के पास साईं डायगोनेस्टिक के बड़ी नाली के भीतर मंगलवार को एक गाय अचानक गिर गयी। इसे देखकर नागरिकों ने समय न गंवाते हुए तत्काल इसकी ▶▶|शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**




हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### उदितमुनि साहेब का नगर में हुआ आगमन

**तिल्दा नेवरा।** कबीर पंथ के गुरु उदितमुनि नाम साहेब का मंगलवार को तिल्दा नेवरा में आगमन हुआ। जहां पर जगह-जगह उनका स्वागत किया गया, बड़ी संख्या में कबीर पंथी भी यहां पर उपस्थित हुए। बता दें नेवरा निवासी युवराज शर्मा उन्हें तिल्दा नेवरा आने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हीं के आग्रह पर वे तिल्दा नेवरा पहुंचे और हाई स्कूल के पास स्थित भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां भवन परिसर में पौधारोपण किया गया। इस बीच उदितमुनि साहेब ने अपने अनुयायियों एवं नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में हसदेव जंगल काटे जाने का जिक्र किया। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कार्यक्रम में संबोधन के दौरान कहा कि किसी जाति धर्म संप्रदाय का यह कार्यक्रम नहीं नहीं है। यह कार्यक्रम मानव समाज का है, मैं कभी भी संप्रदाय धर्म को लेकर नहीं बोलता, मैं हमेशा मानव समाज को लेकर बोलता हूं, मेरा मानना है पूरा मानव समाज एकजुट रहे। वहीं सर्वप्रथम युवराज शर्मा और उनकी माता ने उदितमुनि नाम साहेब का स्वागत किया।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सिलयारी। ग्राम तरेसर निवासी सावित्री वर्मा पति मन्नूलाल वर्मा उम्र 44 वर्ष दिन मंगलवार को सुबह लगभग 4 बजें अपनें ही घर के छत में लगा हुआ हुक में साड़ी से बने रस्सी को फन्दा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के परिजनों ने सिलयारी पुलिस चौकी को 8:30 बजे सूचना दिया। सिलयारी पुलिस के जानकारीअनुसार मृतक की आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है। पुलिस व्दारा जांच को विवेचना में है। शव का पंचनामा कर पोस्टमाटम के लिए धरसींवा सीएससी भेजा गया।

### मांढर कालेज में 10 जुलाई को होगी निःशुल्क रोजगार मेला

**सिलयारी।** शिक्षा महाविद्यालय, मांढर के प्रिंसिपल डॉ अशोक कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि आईसेक्ट -एन.एस.डी.सी. के तत्वाधान एवम्‌ स्टेट ऑफिस रायपुर के मार्गदर्शन में 10 जुलाई दिन गुरुवार समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिक्षा स्नातक महाविद्यालय मांढर में 300 से अधिक रिक्त पद के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जो कि पूर्णतः निःशुल्क रहेगा इसमें 12 कंपनियों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की गई है। जिनके द्वारा अलग अलग पदों के लिए भर्ती की जाएगी जैसे- कंप्यूटर ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, रीलेशनशीप ऑफिसर, ब्रांच एग्जीक्यूटिव, सेंटर मैनेजर,सेल्स एग्जीक्यूटिव, ऑफिस इंचार्ज, फील्ड ऑफिसर, टेलीकॉलर , एग्रीकल्चर ऑफिसर , वेल्डर, फिटर, सैंपलर, लैब असिस्टेंट और भी अनेक पदों के लिए हितग्राहियो का चयन किया जाएगा। जिसमें योग्यता 10 वीं पास से लेकर ग्रेजुएट- पोस्ट ग्रेजुएट एवम्‌ डिप्लोमा एवं अन्य प्रकार के कौशल रखने वाले इस अयोजन का लाभ ले सकते है। ऐसे युवा जिन्हें रोजगार की आवश्यकता है या रोजगार की तलाश कर रहे हैं, वो भी अपना निःशुल्क पंजीकरण करा कर इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। इसमें महाविद्यालय के भूतपूर्व एवम्‌ वर्तमान विद्यार्थियों के साथ-साथ, अन्य भी शामिल हो सकते है।

## निधन

### शिरोमन साहू



**आरंग।** नगर के वार्ड 16 बैहार निवासी शिरोमन साहू का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे सुशीला साहू के पति थे।

### खोरबाहरा राम साहू

**आरंग।** महामाया पारा आरंग निवासी 72 वर्षीय खोरबाहरा राम साहू का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे केवरा बाई साहू के पति व लोकनाथ एवं बद्रीनाथ साहू के पिता थे। उनके अंतिम यात्रा मे नगर के लोग शामिल हुए।

### हस्तक्षेप की मांग को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# टोल प्लाजा में अराजकता का माहौल, नियमों को ताक में रखकर जमकर वसूली, सुविधाएं नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा स्थित तरपोंगी टोल प्लाजा इन दिनों घोर अव्यवस्था और मनमानी का शिकार है। जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें स्थानीय लोगों को टोल टैक्स में छूट दिए जाने की अपील की गई है। चंद्रवंशी ने इस बात पर जोर दिया कि टोल प्लाजा की छत दो महीने पहले आए भीषण आंधी-तूफान में उड़ गई थी, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं हुई है। इसके बावजूद टोल कंपनी यात्रियों से पूरी दर से टैक्स वसूल रही है, जिससे आम जनता पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है।

■ तरपोंगी टोल प्लाजा की दो माह पूर्व उड़ी छत

करोड़ो की लोहे की छत हवा में तिनके की तरह बिखर गई पर आज दो माह से भी अधिक समय हो गया है जिसका किसी भी प्रकार से मरम्मत नही किया गया। वही सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि छत के न होने और कर्मचारियों के भीषण धूप और तेज बारिश में काम करने के बावजूद, फास्टैग सिस्टम के माध्यम से टोल वसूली जारी है। टोल कंपनी को न तो कर्मचारियों की परवाह है और न ही सिस्टम के खराब होने की चिंता, उनका एकमात्र मकसद यात्रियों की जेब खाली करना है। यह स्थिति भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल नियमों का खुला उल्लंघन है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्पष्ट निर्देश हैं कि टोल प्लाजा पर यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा होना चाहिए। छत का न होना न केवल कर्मचारियों के लिए असुरक्षित माहौल पैदा करता है, बल्कि टोल संचालन को भी बाधित करता है। ऐसे में पूरी दर से टोल टैक्स वसूलना सरासर अन्याय है। स्थानीय निवासियों को टोल टैक्स में छूट पाने के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। टोल कंपनी का स्पष्ट कहना है कि जब तक पास नहीं बनेगा, किसी को कोई छूट नहीं मिलेगी। टोल अधिकारी ने यहां तक कह दिया कि जाओ केंद्रीय मंत्री या नेशनल हाइवे की मुख्य ऑफिस में बात करो, नहीं मिलेगी छूट। यह नियम उन स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है, जिन्हें अक्सर किसी काम से आसपास के गांव में आना-जाना पड़ता है।



### वीआईपी को छूट, आम नागरिकों पर टैक्स का बोझ

जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने कहा कि इस टोल प्लाजा पर एक अजीब विरोधाभास देखने को मिलता है। छूट का लाभ सिर्फ विशिष्ट लोगों तक ही सीमित है। पुलिसकर्मी, विधायक और सांसद बिना किसी रोक-टोक के टोल प्लाजा से गुजर रहे हैं, जबकि आम नागरिक अपनी गाढ़ी कमाई का हिस्सा टोल टैक्स के रूप में देने को मजबूर हैं। यह दोहरा रवैया स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि टोल प्लाजा पर नियमों का पालन आम आदमी के लिए है, वीआईपी लोगों के लिए नहीं।



### नेशनल हाईवे से तत्काल हस्तक्षेप की अपील

आम नागरिकों ने पुलिस के माध्यम से ज्ञापन देकर गोहार लगाए है कि नेशनल हाईवे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करे। टोल कंपनी की इस मनमानी पर लगाम लगाई जाए और उन्हें जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा करने के लिए बाध्य किया जाए। स्थानीय नागरिकों को टोल टैक्स में उचित छूट मिलनी चाहिए और वीआईपी संस्कृति को समाप्त किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना नेशनल हाईवे की जिम्मेदारी है कि टोल प्लाजा न केवल राजस्व उगाही का केंद्र बने, बल्कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा और सुविधा का भी ध्यान रखे। यदि ऐसा नहीं होता है।

### जल्द नव निर्माण होगी

पहले नेशनल हाइवे ने टोल प्लाजा को ठेके पर दिए थे पर अब खुद नेशनल हाइवे भारत सरकार खुद ही तरपोंगी टोल की संचालन कर रहे है वही टोल की छत जल्द से जल्द नव निर्माण होगी। आसपास के ग्रामीणों को नेशनल हाइवे नियम के चलते ही पास बनाया जाएगा तभी मिलेगी टेक्स में छूट।

**प्रमोद कौशिक कुशवाहा**
टोल मैनेजर तरपोंगी

### अधिकारी को दी जानकारी

आसपास के ग्रामीणों को टोल टैक्स में छूट प्रदान करने हेतु जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौपे है। इसकी उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

**राजेन्द्र दिवान**
थाना प्रभारी धरसींवा

## प्रस्तावित शराब दुकान बंद करने की मांग पर धरना 14 वें दिन भी रहा जारी



**आरंग।** ग्रामीणों के एकजुटता के चलते निविदा न डलने की वजह से खौली में जगह न मिलने के चलते अब तक शराब दुकान नहीं खुल पाया है और इस प्रस्तावित शराब दुकान के बंद करने के इंतजार में ग्रामीण अब भी धरना जारी रखे हुये हैं। मंगलवार को धरना का 14वा दिन था, आज भी धरना की अगुवाई महिलाओं ने की। सोमवार को आयोजित ग्रामीणों की बैठक में अब तक प्रस्तावित शराब दुकान के विरोध में चल रहे आंदोलन की समीक्षा की गयी। ग्रामीण एकजुटता के चलते व जारी ग्रामीण फरमान के चलते निविदा न डलने की वजह से शराब दुकान न खुल पाने की वजह से ग्रामीणों में उत्साह दिखा पर अभी तक शराब दुकान बंद करने संबंधी प्रशासनिक आदेश जारी न होने से वे आक्रोशित भी नजर आये। बैठक में कुछ लोगों ने फिलहाल आंदोलन को स्थगित करने कर शासन के आगामी कदम का इंतजार करने का सुझाव रखा तो कुछ ने आदेश आने तक आंदोलन जारी रखने के हिमायती दिखे। खासकर शराब के दुष्परिणामों को प्रत्यक्ष देखने व भोगने वाली महिलाये आंदोलन को जारी रखने के पक्ष में रहीं। विचार विमर्श के बाद आंदोलन को वर्तमान स्वरूप में ही आगामी ग्रामीण निर्णय तक जारी रखने व परिस्थितिनुसार इसके स्वरूप में परिवर्तन का निर्णय ले हर कीमत पर एकजुटता बनाये रखने का संकल्प लिया।

■ आंदोलन का नेतृत्व गांव की महिलाएं कर रही

■ ग्रामीणों की हुई बैठक

## सरोरा स्वास्थ्य शिविर में 70 ग्रामीणों की जांच, 18 मिले मोतियाबिंद पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





अपनी कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) गतिविधियों के तहत 'संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड' ने हाल ही में तिल्दा ब्लॉक के ग्राम सरोरा में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस पहल से 70 से भी अधिक ग्रामीणों को विभिन्न बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में ऑरोबिन्दो नेत्रालय, छत्तीसगढ़ डेंटल क्लिनिक, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल और अन्य संस्थानों की टीमों ने सामान्य स्वास्थ्य जांच, आँखों और दांतों के चेक-अप सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। साथ ही, ग्रामीणों को स्वस्थ जीवन शैली और बेहतर स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर सलाह भी दी गई। 22 लोगों में निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) और 8 लोगों में दूर दृष्टि दोष (हाइपरमेट्रोपिया) के लक्षण पाए गए, जिन्हें तुरंत निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। 18 लोगों में मोतियाबिंद का पता चला और उन्हें ऑरोबिन्दो नेत्रालय, रायपुर में इलाज के लिए रेफर किया गया। इनमें से पांच मरीजों की सफलतापूर्वक निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी है। ग्रामीणों का बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) टेस्ट भी किया गया, जिसके आधार पर उन्हें हड्डियों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। पीडियाट्रिशियन (शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ) द्वारा शिशुओं व बच्चों की भी जांच की गई। सामान्य स्वास्थ्य जांच के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर और ईसीजी जैसी जांचें प्रमुखता से की गईं। यह स्वास्थ्य शिविर 'संभव सेवा फाउंडेशन' और स्थानीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं व स्वयंसेवकों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना था। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरोरा की नव निर्वाचित सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू ने स्वास्थ्य शिविर की सराहना की। कार्यक्रम में उपसरपंच बसंत सिंह विनोद और अन्य पंच भी उपस्थित थे। 'संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड' की सीएसआर हेड शीतल गोयल ने कहा की यह स्वास्थ्य शिविर संभव स्टील द्वारा हर तबके के लोगों को साथ लेकर चलने की सोच का नतीजा है। हम आने वाले समय में न केवल स्टील निर्माण के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के क्षेत्र में कार्य करेंगे, बल्कि समाज में स्वास्थ्य और उससे जुड़ी जागरूकता के लिए भी कार्य करेंगे।

कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड की ओर से एमजीके मूर्ति, धर्मेश वैश्य, गुलाब साहू, धर्मेश नायक, सुचिता जैन, मनीष सिन्हा और जितेंद्र वर्मा का विशेष प्रयास रहा। यह सफल स्वास्थ्य शिविर भविष्य में सामाजिक बदलाव और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के प्रति संभव स्टील की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जलभराव क्षेत्रों में पालिका अध्यक्ष पहुंचे, दिए त्वरित निराकारण के निर्देश



**आरंग।** लगातार हो रहे भारी बारिश के चलते नगर पालिका आरंग के वॉर्ड क्र 1 व 14 में जलभराव की समस्या हो गई है। इसकी सूचना मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन नगर पालिका अमलाओं के साथ स्थल का निरीक्षण कर तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने वार्ड क्र 1 मे आयोजित जनसमाधान शिविर का निरीक्षण कर राजस्व संबंधित समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए निराकरण हेतु पटवारी को तत्काल निर्देशित किया गया। इस दौरान पार्षद खिलावन निषाद, छाया पार्षद नागेंद्र विश्वकर्मा, आरंग भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनु. जाती मोर्चा नरेन्द्र लल्ला साहनी, नंदकुमार ढ़ीढ़ी, राजस्व निरीक्षक अनुभव , इंजीनियर हरीश , केशनाथ , सतीश साहू सहित पालिका स्टॉफ उपस्थित रहे।



## पुनर्मिलन समारोह में पूर्व छात्रों ने बचपन को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

साल 1978 में 11वीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का 47 साल बाद एक पुनर्मिलन समारोह आनंदम फार्म हाउस में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नैला, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, खमरिया, लोरमी और कोलकाता सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इस पुनर्मिलन के दौरान प्रतिभागियों ने एक-दूसरे से मुलाकात की और अपने पुराने अनुभवों को साझा किया। लंबे समय बाद एकत्र हुए सहपाठियों ने अपनी विद्यालयी जीवन की घटनाओं को याद किया, जिसमें कक्षा में साथ बैठना, टिफिन साझा करना, और परीक्षा का डर जैसी बातें शामिल थीं। उन्होंने शरारतों और छोटी-छोटी लड़ाइयों के किस्से भी साझा किए, जो उनके विद्यार्थी जीवन का हिस्सा थे। समारोह में उस समय के शिक्षक रहे केदार शर्मा और एन.के. तिवारी को सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट किए गए। शिक्षकों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। पुनर्मिलन समारोह में छेदी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, कृष्ण कांत दुबे, रामआसरे राजपूत, शारदा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल सहित कई पूर्व विद्यार्थी मौजूद थे। सभी ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया और पुरानी यादों पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी ने भविष्य में ऐसे आयोजनों को नियमित अंतराल पर जारी रखने का निर्णय लिया। यह पुनर्मिलन पुरानी यादों को ताजा करने और पूर्व छात्रों के बीच संपर्क बनाए रखने का एक अवसर था।

## स्वरा के जन्मदिन पर आंगनबाड़ी केंद्र में कराया गया न्योता भोज



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में सोनम साहू उपाध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने अपनी बिटिया स्वरा साहू के जन्म दिवस पर अपने गांव के तीनों आंगनबाड़ी केंद्र में न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरा कर सात माह के शिशुओं का अन्नप्रासन भी कराया गया। इस आयोजन में निकिता ध्रुव, इंदु निर्मलकर, टोनिका साहू,रानी साहू, उमा साहू, सोहद्रा साहू,कौशल्या साहू, प्रेमिन वर्मा, सत्यवती पटेल, महेश्वरी साहू, सुरेन्द्र साहू, राजकुमार पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लीला साहू, दिव्या शांडिल्य, सविता पटेल, सहायिका सुमन यादव, पिंकी ध्रुव, केकती यादव आदि शामिल हुए।

## कांग्रेस के संविधान सम्मेलन में उमड़ी भीड़



**आरंग।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में राजधानी रायपुर में जवान किसान संविधान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे। यह सम्मेलन मुख्यतः किसानों को खाद एवं डीएपी की भीषण कमी, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और संविधान की रक्षा को लेकर जनता में जागरूकता फैलाने हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे जन आंदोलन को और अधिक गति देने का प्रयास किया गया। भारी बारिश के बावजूद प्रदेश भर से हजारों की संख्या में किसान, युवा और मातृशक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण तब देखने को मिला, जब रायपुर जिले से जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू अपने साथियों के साथ खुद ट्रैक्टर चलाते हुए सभा स्थल पर पहुचे। बरसते पानी में उनका ट्रैक्टर चलाकर पहुंचना प्रतीकात्मक रूप से किसानों की पीड़ा और संघर्ष को दर्शाता है। उनके साथ युवाओं व महिलाओं का उत्साहपूर्ण जनसैलाब भी मौजूद रहा। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, शिव डहरिया सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## विधायक की पहल, रोजगार सहायकों को मिला तीन माह का मानदेय



**धरसींवा।** विधायक अनुज शर्मा की पहल पर रायपुर जिले के रोजगार सहायकों को पिछले तीन माह से रुका हुआ मानदेय मिल गया है। मानदेय मिलने के बाद रोजगार सहायक संघ के सदस्यों ने विधायक अनुज शर्मा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। ग्राम पंचायतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और ग्रामीण स्तर पर सरकारी योजनाओं को लागू करने में अहम योगदान देने वाले रोजगार सहायकों को पिछले तीन माह से मानदेय नहीं मिला था, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिला रायपुर के रोजगार सहायक संघ के सदस्यों ने अपनी समस्या को लेकर विधायक धरसींवा, माननीय अनुज शर्मा से मुलाकात की और उन्हें अपने तीन माह के लंबित वेतन के बारे में जानकारी दी। विधायक अनुज शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) से फोन पर बात की। उन्होंने अधिकारियों को रोजगार सहायकों के लंबित वेतन का तुरंत भुगतान करने का निर्देश दिया।

■ संघ ने जताया आभार

### नेवरा सामाजिक बैठक में 15 प्रकरणों का हुआ निदान

# कुम्हार की भांति संतान को शिद्दत से गढ़ें : दुर्गेश वर्मा

तिल्दा ▶▶| नेवरा



नगर इकाई तिल्दा नेवरा कुर्मी छात्रावास में नगर प्रमुख दुर्गेश वर्मा, सेक्टर प्रमुख शिव वर्मा, भागवत वर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष संवाददाता जैनेन्द्र बघेल एवं सेक्टर प्रमुख शिक्षक कॉलोनी घनश्याम वर्मा, टापलाल कश्यप सेक्टर प्रमुख नेवरा, देवकी बाघमार, गौरी वर्मा, नंदनी वर्मा की अगुवाई, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल वर्मा, संरक्षक कृष्ण मुरारी वर्मा, पूर्व संरक्षक नंदनी खिचरिया के कुशल मार्गदर्शन व राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की प्रकरण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पुरोधा पुरुषों व इष्टदेव रामचन्द्र की पूजा, दीप प्रज्वलन एवं जाति गौरव गान से किया गया,परंपरानुसार दिव्यात्माओं को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई, आयोजक इकाई ने राज पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। पंजीकृत 29 प्रकरणों में से प्राकृतिक व्यवधान (निरंतर बारिश) के चलते उपस्थित 15 जोड़ी वादी -प्रतिवादियों के बीच सुनवाई सामाजिक आचार संहिता खण्ड 2 में उल्लेखित प्रावधानों के अधीन की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला वर्मा ने उपस्थित होकर परिसर में राष्ट्रीय अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। राज के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से द्वितीय बार के निर्वाचित लोकप्रिय राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने कहा कि हमारा समाज प्रदेश में सभ्य, सुशिक्षित, अग्रणी समाज के रूप में जाना जाता है। दंपत्तियों के बीच अल्प समय में संबंध विच्छेद संबंधी प्रस्तुत आवेदनों पर सुनवाई व निर्णय सुनाते समय परिजनों को संदेश देते हुए कहा कि माता-पिता कुम्हार की भाँति संतान रूपी कच्ची मिट्टी को संस्कार रूपी चाक से जैसा गढ़ना चाहे गढ़ सकते हैं। हमें ऐसा घड़ा गढ़ने का प्रयास करना चाहिए जिसमें शालीनता, गंभीरता व त्याग की ठंडक विद्यमान हो, जिससे वे परिवार व समाज को जीवन पर्यंत शुकुन, शान्ति,समर्पण रूपी शीतलता की अनुभूति कराने में समर्थ बन सके। उन्होंने शिक्षा से भी अधिक संस्कार पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि समाज मे अंतरजातीय विवाह में निरंतर वृद्धि, दंपति के बीच बेहतर सामंजस्य की कमी, माता पिता की उपेक्षा, कुल वधुओं का सामाजिक मर्यादा का उल्लंघन करने का मुख्य कारण सुसंस्कार की कमी बताई। कार्यवाही संचालन राजमंत्री दौलत धुरंधर, जीवन ज्योति रक्तदान समिति प्रदेशाध्यक्ष अनिल वर्मा व मनवा कुर्मी सदन उपाध्यक्ष डोमार धुरंधर ने किया। नगर इकाई तिल्दा नेवरा, उपराजप्रधान डॉ. कृष्णकुमार वर्मा ने मंच, बैठक, भोजन आदि व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए अतिथियों व स्वजातियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क./ / ब/ 121 वर्ष 2024-25**
**ग्राम थनौद प.ह.नं. 02. रा.नि.मं. तोरला**
**तहसील नवापारा जिला रायपुर**
**क्रमांक / / तह. / वाचक - 2 / 2025**
**नवापारा, दिनांक 26/06/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अभनपुर, जिला रायपुर का ज्ञापन क्रमांक / 122/ वा. -2 / अविद / 2025 अभनपुर, दिनांक 24/06/2025 अनुसार आवेदक विजय प्रताप पिता श्री आरपी सरोज निवासी 211 वीं वाहिनी के.रि.पु. बल थनौद अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति के प्रपत्र - 3 में हेण्डगन बंदूक धारण करने हेतु छ.ग. राज्य सीमा क्षेत्र के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु निर्धारित पत्र में आवेदन पत्र कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अभनपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण दिनांक 11/07/2025 को इस न्यायालय में नियत हैं।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता / अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है. बाद मे आये दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**अति. तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

# भाजपा सरकार बनने के बाद कई काम किए, जनता के दिलों में बनी हमारी छाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण शिविर में विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ अवसर और चुनौती पर कहा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ अवसर और चुनौती विषय पर कहा, सरकार के कोई कार्य ऐसे होते हैं, जिनसे उनकी पहचान बनती है। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद हमने कई ऐसे कार्य किए हैं, जिससे जनता के दिलों में हमारी छाप बन चुकी है।

उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार बनी तो सबसे बड़ी चुनौती थी। पूर्ववर्ती सरकार के जनता से किया धोखे और हमारे वादे को पूरा करने के लिए, सरकार बनते ही हमने गरीबों के आवास की चिंता करते हुए 18 लाख आवास देने के प्रयास किया। 18 महीना की सरकार में हमें यह सोचकर संतोष है कि हम उस लक्ष्य के बड़े हिस्से को पूरा कर चुके हैं। यह एक बड़ी चुनौती थी जिसे हमने अवसर में बदला।









### जीडीपी दोगुना करने का लक्ष्य

उन्होंने कहा, इस वर्ष छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है। हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्ष में राज्य की जीडीपी को दोगुना करना और 2047 तक उसे 6 लाख करोड़ से बढ़ा कर 75 लाख करोड़ तक पहुंचाना है।



### भाजपा सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है

*मुख्यमंत्री ने कहा, बीजेपी सभी वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्य करती है और यह हमारे लिए बड़ा संतोष का विषय था। प्रदेश की मातृ शक्ति को हमने प्रतिमाह 1000 रुपए देकर उनके आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया व उनके आत्म सम्मान में वृद्धि की। किसानों से हमने रिकॉर्ड 149 लाख चावल खरीदा यह हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

### नितिन नवीन बोले- हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय हमें मंथन करना चाहिए



सांसद विधायक प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिन के अंतिम सत्र में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने लोक व्यवहार, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व कौशल विषय पर बोलते हुए कहा कि इन सभी विषयों का संतुलित संयोजन ही किसी को लोकप्रिय जनसेवक बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि को औपचारिक अनौपचारिक संवाद द्वारा जनता, कार्यकर्ता से व्यक्तिगत संबंध बनाना चाहिए। कई बार ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जब कार्य करने बावजूद कुछ लोग विपरीत बात करते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देने के बजाय हमें मंथन करना चाहिए कि आखिर ऐसी कौन-सी स्थिति थी कि उन्होंने ऐसी बात कही। यह संयम ही हमें अनुकूल वातावरण तैयार करने में मदद करता है। उन्होंने कहा, याद रखें, यदि हम निर्णय संवाद से करते हैं तो वह निर्णय लोकतांत्रिक हो जाता है और वह व्यक्ति भी उस निर्णय से जुड़ जाता है। प्रदेश प्रभारी श्री नवीन ने कहा कि जनसभा, पत्रवार्ता, सेमिनार, डिबेट सभी का भाव अलग होता है। इस हेतु कौशल विकसित कर उसके अनुसार की चर्चा करने से जनसेवक जनता से सीधा संवाद स्थापित कर पाता है। सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग को राष्ट्रीय संगठन वी. सतीश ने भी संबोधित किया। द्वितीय दिन के प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत सुबह योग व्यायाम से हुई, जिसमें सभी सांसद- विधायक एवं मंत्रियों ने हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 200 मरीजों ने कराया इलाज

**रायपुर।** लोकमाता अहिल्या देवी की 300वीं शताब्दी जन्मजयंती के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश गड़रिया धनगर समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में स्किन रोग, डायबिटीज, शुगर, बीपी और फिजियोथेरेपी के लगभग 200 मरीजों का इलाज निशुल्क किया गया। युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु धनगर ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकरापारा वार्ड पार्षद प्रमोद कुमार साहू ने की। इस शिविर में जगदीश धनगर, गणेश पाल, अजय हंसा, कपूरचंद धनगर, केदार धनगर, धर्मेंद्र धनगर, प्रकाश धनगर, सुरेश धनगर, संतोष धनगर आदि उपस्थित थे।

### पॉवर कंपनी के कर्मचारियों को कार्य प्रभावशीलता बढ़ाने दिया प्रशिक्षण



**रायपुर।** पॉवर कंपनी के कर्मचारियों को कार्य प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों के कौशल और ज्ञान को बेहतर बनाना है, जिससे वे अपने काम को अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। इससे कंपनी की उत्पादकता और दक्षता में भी सुधार होता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की ओर से डगनिया मुख्यालय स्थित राज्य भार प्रेषण केंद्र के सभागार में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के प्रबंध निदेशक राजेश शुक्ला का उचित मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम में दत्तोपंत ठेंगड़ी, संजय पटेल, व्हीए देशमुख, एसके उइके, अभिषेक दीवान, सौरभ पाण्डे आदि शामिल थे।

### समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष से पहले गरीबी और महंगाई पर चर्चा जरूरी

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने देश में मौजूदा समय संविधान के प्रस्तावना में उल्लेखित "समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष" शब्द पर छिड़ी बहस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, संविधान ने देश को समृद्धि और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, जहां 130 करोड़ नागरिकों की आवाज़ सुनी जाती है वहां संविधान ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त है फिर भी संविधान के सामने आज कई चुनौतियां है आज जब देश अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, तब राजनीतिक दलों द्वारा समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों पर बहस करना देश की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने जैसा है।

## सरकार ने योजना के निर्देश जारी किए

# कृषक उन्नति योजना पर अमल शुरू, धान के बदले दलहन तिलहन पर किसानों को मिलेंगे प्रति एकड़ 11 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना पर क्रियान्वयन शुरु कर दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट में निर्णय लिया गया था। इस योजना के क्रियान्वयन के संबंध में हरिभूमि ने पिछले दिनों प्रमुखता से प्रकाशित खबर में जानकारी दी थी कि धान की जगह दलहन-तिलहन उगाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता राशि दी जाएगी।

अब जारी हुआ ये निर्देशराज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों की चिंता करते हुए कृषि उन्नति योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मंत्रालय महानदी स्थित कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों, संभाग आयुक्तों, संचालकों, प्रबंध संचालकों एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर को पत्र लिखकर कृषि उन्नति योजना के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नवीन दिशा-निर्देशों के आधार पर योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से किया जाएगा।

### इन किसानों को मिलेगी सहायता राशि

विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाया हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें, धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर 11000 रूपये प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर राशि रूपये 10000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

### हरिभूमि ने पहले ही दी थी खबर, अब लगी मुहर

मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में लिया था निर्णय अब होगा अमल

धान छोड़कर दलहन, तिलहन मक्का लगाने वाले किसानों को अब मिलेगी प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता

पिछली कैबिनेट में हुआ था ये निर्णय



इस तरह समझें कैसी है योजना

इन किसानों को भी मिलेगा लाभ

### इसलिए जरूरी है ये सहायता राशि

मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, इस वजह से कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते।

### धान पर मिलेंगे 14 हजार 931 रुपए प्रति एकड़

*खरीफ 2025 में प्रदेश के किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर, धान (कॉमन) पर राशि रू. 731 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रूपये. 15351 प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर राशि रुपये. 711 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रुपये. 14931 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।*

### ये लाभ केवल पंजीकृत किसानों को

कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि धान अथवा धान बीज का विक्रय किया गया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास फसल के लिए पंजीयन कराया गया हो।

### इन्हें नहीं होगी पात्रता

पत्र में कहा गया कि विधिक व्यक्तियों जैसे ट्रस्ट,मण्डल,प्राईवेट लिमि. समिति, केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान, महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी। जो कृषक प्रमाणित धान बीज उत्पादन कार्यक्रम लेते हैं और सामान्य धान भी सहकारी समितियों में विक्रय करते हैं, उनके द्वारा कुल विक्रय की जाने वाली धान की मात्रा, उनके कुल धारित रकबे की सीमा से अधिक नहीं होना चाहिये, इसे छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा आपसी समन्वय से किया जाएगा। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधान के अध्याधीन किया जाएगा।

### बैंक खाते में आएगी राशि

पत्र में कहा गया कि कृषकों को भुगतान योजनांतर्गत आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से की जाएगी। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति/छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि, (बीज निगम) को धान/धान बीज का विक्रय करने वाले कृषकों को आदान सहायता राशि का निर्धारण गिरदावरी में सत्यापित रकबे, उपरोक्त संस्थाओं को विक्रय धान,धान बीज की मात्रा तथा भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष घोषित किए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर प्रतिवर्ष अलग से किया जाएगा।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस से की मुलाकात



**रायपुर।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर ने सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस व उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शिंदे ने श्री ठाकुर से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर सफलता के लिए, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा के लिए बधाई प्रेषित की।

## बेंगलुरु में होगी एआईसीसी ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल की पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के लिए गठित एडवाइजरी काउंसिल की पहली बैठक 15 और 16 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व पीसीसी चीफ धनेन्द्र साहू शामिल होंगे। कांग्रेस ओबीसी विभाग की यह बैठक बेंगलुरु के भारत जोड़ो भवन, क्वींस रोड में शाम 6 बजे शुरू होगी। इस काउंसिल के अध्यक्ष कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं। बैठक में चार राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में देश के पिछड़े वर्ग के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी और उन मुद्दों को जनता के बीच लाने अभियानों और कार्यक्रमों पर चर्चा हो सकती है। साथ ही आने वाले चुनावों को देखते हुए रणनीतिक तैयारी की जा सकती है।





### राज्य के मुद्दों को रखेंगे

बैठक में छत्तीसगढ़ के ओबीसी वर्ग से जुड़े हुए क्या मुद्दे हैं, इस पर भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू अपनी बात रखेंगे। चर्चा के बाद काउंसिल अपनी रिपोर्ट एआईसीसी के ओबीसी विभाग को सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि जून में एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया गया था, गठन के बाद यह पहली मीटिंग होगी।

## लगातार तीन दिन की बारिश में बांधों का जलस्तर 13 प्रतिशत बढ़ा, गंगरेल आधा भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है। अच्छी बारिश से बांधों के जलस्तर में सुधार आया। 3 जुलाई को बांधों में 28.26 प्रतिशत पानी था, वहीं मंगलवार को यह बढ़कर 40.92 प्रतिशत हो गया। बांधों के जलस्तर में करीब 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आषाढ़ माह के अंतिम दिनों में हुई बारिश ने पिछले माह हुई कम बारिश की भरपाई कर दी। पिछले साल के मुकाबले इसी सीजन में जलस्तर में करीब 8 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। बारिश के बाद खेती-किसानी में तेजी आई है। लगातार बारिश से गंगरेल बांध की स्थिति में सुधार आया है। 32 टीएमसी वाले गंगरेल बांध में अब 16 टीएमसी पानी भर चुका है। तीन दिन की लगातार बारिश से 18 हजार क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है। वहीं 400 क्यूसेक गंगरेल बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। कैचमेंट एरिया से लगातार पानी की आवक बनी हुई है। गंगरेल के जलग्रहण क्षेत्र चारामा, भानुप्रतापपुर, कांकेर में हो रही अच्छी बारिश के कारण बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। यहां 18,177 क्यूसेक पानी प्रतिघंटा आ रहा है। गंगरेल बांध में 45.92 प्रतिशत पानी भरा हुआ है।

### अन्य बांधों में बढ़ा जलस्तर

मिनीमाता बांगों में 44.71 प्रतिशत, सोंढूर बांध में 528 क्यूसेक पानी की आवक हुई है, जिसके कारण बांध के जलस्तर बढ़कर 21.78 प्रतिशत हो गया। दुधावा बांध में पानी की आवक 331 क्यूसेक हो रही है। यहां पर 19.40 प्रतिशत जल भराव है।माड़मसिल्ली में 556 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। यहां 12.80 प्रतिशत पानी है। तांदूला बांध में 20.45 प्रतिशत, सिकासार बांध में जलस्तर 30.14 प्रतिशत, खारंग में 81 प्रतिशत जल भराव है। अन्य बांधों में कोडार में 23, मनियारी में 73.49, केलों में 32 प्रतिशत जल भराव की स्थिति अब तक है।



### मोंगरा बैराज से छोड़ा गया पानी

मोंगरा बैराज के कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश से लगातार जलभराव को देखते हुए शिवनाथ नदी में 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे अब तक स्थिर चल रही शिवनाथ के जल स्तर में बढ़ोतरी की संभावना है। हालांकि इससे बाढ़ की स्थिति नहीं बनेगी। मोंगरा बैराज के कैचमेंट एरिया राजनांदगांव व कांकेर के कई हिस्से में लगातार अच्छी बारिश हो रही है।

## श्रमिकों को सस्ता भोजन गैरकानूनी, अव्यवहारिक, अध्यक्ष ने कहा- योजना का संचालन संभव नहीं, बंद करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने श्रम कल्याण मंडल द्वारा श्रमिकों को सस्ती दर पर भोजन की योजना पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह योजना अव्यवहारिक होने के साथ गैर कानूनी भी है। मंडल द्वारा अब इस योजना का संचालन संभव नहीं है। उन्होंने कहा है कि योजना को बंद करने के लिए राज्य शासन को अनुमति देना चाहिए। श्री मिश्रा ने यह बात श्रम कल्याण के संचालक मंडल की बैठक में कही है। उनका कहना है



कि मंडल द्वारा संचालित सस्ती दर पर भोजन केन्द्रों को संचालित की जा रही है। योजना को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि श्रम कानूनों के तहत इन भोजन केन्द्रों का संचालन नियोजकों को किया जाना है, किन्तु इसका संचालन श्रम कल्याण मंडल कर रहा है, जो व्यावहारिक नहीं, गैर कानूनी भी है। इसमें मंडल के कल्याणकारी योजनाओं का एक बड़ा हिस्सा भोजन मद में व्यय हो रहा है। इससे कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में रुकावटें आ रही हैं। इसीलिए मंडल ने इस संदर्भ में प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन से आग्रह किया है कि यह योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए ही उपयोगी है। श्रम कल्याण मंडल में इस योजना का संचालन करना अब संभव नहीं है। इसीलिए इस योजना को बंद करने की अनुमति दी जाए।

### मंडल में मजदूरों के पंजीयन की प्रक्रिया खुले

मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने मंडल की आय बढ़ाने तथा श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी फैसले की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि जिस तरह से असंगठित क्षेत्र के बोर्ड में श्रमिकों का पंजीयन खुला हुआ है। उसी तरह से श्रम कल्याण मंडल में भी मजदूरों के पंजीयन की प्रक्रिया को ओपन किया जाए। जिस पर संचालक मंडल के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे और अंततः यह निर्णय लिया गया कि अब मजदूरों को मंडल में सीधे पंजीयन देने की व्यवस्था की जाए, इस हेतु प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, अपर श्रमायुक्त सह प्रभारी श्रमायुक्त एसएल. जांगड़े, मंडल के सदस्य मंगलमूर्ति अग्रवाल, आलोक मिश्रा, हरप्रसाद साहू, मदन तालेड़ा, नरेश गड़पाल, कृष्णा दुबे, सुरेश मसीह समेत मंडल कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के कल्याण आयुक्त अजितेश पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैठक

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू, साय रायपुर में फहराएंगे झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को प्रदेशभर में गरिमापूर्ण एवं भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से शासन स्तर पर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वातावरण में किया जाए।

### सुबह 9 बजे शुरू होगा समारोह

राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा जनता के नाम संदेश देंगे। समारोह में संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया जाएगा।




### परेड में शामिल होंगे ये बल

रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह की परेड का दायित्व पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधीन रहेगा। परेड में बीएसएफ., सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला एवं पुरुष), नगर सेना, एनसीसी. कैडेट्स आदि की टुकड़ियाँ सम्मिलित होंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पदक एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके लिए विभागों को जूरी गठित कर 29 जुलाई तक चयनित नामों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवाना होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### साय देंगे जनता के नाम संदेश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य समारोह में 'जनता के नाम संदेश' देंगे। यह संदेश दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से पूरे प्रदेश में प्रसारित किया जाएगा। मुख्य समारोह पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति आधारित समूह-नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जूरी का गठन किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल पर ही पुरस्कार वितरण होगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त रायपुर को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह व्यवस्था के संबंध में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है। प्रदेश के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों पर 15 अगस्त की रात प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। निजी संस्थानों से भी ध्वजारोहण एवं रोशनी करने की अपील की गयी है। जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों और प्रदर्शनी के आयोजन के लिए कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा।

# नड्डा की मंत्री, विधायकों को नसीहत जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश : बैज

### कांग्रेस का सवाल- भ्रष्ट मंत्रियों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंत्री और विधायकों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की जो हिदायत दी है, वह सिर्फ राजनीतिक नौटंकी है।



भाजपा सरकार से त्रस्त जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। जब नड्डा को पता चला कमीशन और भ्रष्टाचार की काली कमाई में भाजपा के मंत्री विधायकों की हिस्सेदारी है, ऐसे में वह भ्रष्ट मंत्री और विधायकों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करते? भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, कोई भी काम बिना लेनदेन के होता नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा, चंद ठेकेदार और उद्योगपति मिलकर लूट के लिये संगठित गिरोह चला रहे हैं। देश देख रहा है किस प्रकार से केंद्र की भाजपा सरकार दो उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है। वही स्थिति राज्य में भी है। उन्होंने कहा, 15 साल की भाजपा सरकार के दौरान भी छत्तीसगढ़ को लूटा गया और छत्तीसगढ़ की गरीब जनता बेहाल रही। 17 महीने में फिर एक बार कमीशन खोरी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और भाजपा के केंद्रीय नेता भी इसमें शामिल हैं।

**खबर संक्षेप**

## बसंत विहार कॉलोनी में भरा पानी, लोग परेशान



रायपुर। राजधानी रायपुर से लगा बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा विकास की बाट जोह रहा है। कॉलोनी की अधिकांश गलियां कच्ची और गंदगी से अटी पड़ी है। लगातार बारिश से बसंत विहार कॉलोनी में भरा पानी, निकासी नहीं होने से कॉलोनीवासी परेशान है। कॉलोनी में भौतिक सुविधाओं का अभाव होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है, जिससे सड़कों पर हमेशा कीचड़ भरी रहती है। इस संबंध में कॉलोनीवासियों ने नगर निगम के अपनी समस्याओं से अवगत कराने के लिए, विगत 3-4 सालों से कभी सरकार तुंहर द्वार या सुशासन तिहार जैसे शिविरों में भी आवेदन दिया था। नगर निगम प्रशासन बसंत विहार कॉलोनी की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, विगत कई वर्षों से प्रशासन में गुहार लगाने के बाद भी कॉलोनी की स्थिति अभी जस के तस बनी हुई है।

## ऑनलाइन जुआ स्कैम तुरंत खत्म करने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल पूर्व सदस्य, अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों से ऑनलाइन सोशल मीडिया और गेमिंग एप के जरिए हो रहे जुआ स्कैम को तुरंत खत्म करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन एप्स के माध्यम से लाखों लोगों के पैसे हड़पने के लिए धोखाधड़ी की जा रही है, जिसमें बड़े-बड़े क्रिकेटर और सेलिब्रिटी भी शामिल हैं। श्री ठाकुर ने कहा, मोदी सरकार की लापरवाही से यह चिंताजनक समस्या देश में लगातार बढ़ रही है।

**निधन**

## डॉ. अनुज वर्मा



रायपुर। सिविल लाइंस कटोरा तालाब निवासी डॉ. अनुज वर्मा (29) का 8 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सुधीर वर्मा के पुत्र और मनोज वर्मा के भतीजे थे।

# रावतपुरा मेडिकल कालेज के अन्य पाठ्यक्रमों की ईओडब्लू से कराई जाए जांच

**सिविल सोसाइटी ने राज्यपाल-मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, दूसरे कालेजों में शिफ्ट हों चिकित्सा छात्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

मेडिकल कालेज की मान्यता की खातिर घूसखोरी को अंजाम देने वाले श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कालेज में संचालित अन्य पाठ्यक्रमों की जांच भी ईओडब्लू से कराई जाने की मांग की गई है। भ्रष्टाचार के मामले में जब तक संस्थान को सीबीआई से क्लीन चिट नहीं मिल जाती, उसे बंद रखा जाए। इसके अलावा वहां के चिकित्सा छात्रों को अन्य निजी मेडिकल कालेज में शिफ्ट किया जाए। सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने इस मामले में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि निजी मेडिकल कालेज में हुए गंभीर अनियमितताओं से न केवल प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा को ठेस पहुंची, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि कालेज में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी सच्चाई सामने लाना आवश्यक है। इसीलिए जब तक सीबीआई रिश्वतकांड की जांच पूरी कर संस्थान को क्लीनचिट नहीं दे देती, तब तक इसे बंद रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रावतपुरा सरकार ट्रस्ट द्वारा नर्सिंग, फार्मेसी सहित अन्य तरह के पाठ्यक्रम का संचालन भी किया जाता है। उन कोर्सेज की जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से कराई जाने की आवश्यकता है।

### घट जाएगी एमबीबीएस की डेढ़ सौ सीट

सीबीआई की जांच के दायरे में आए रावतपुरा सरकार निजी मेडिकल कालेज पर इस बार जीरो ईयर का खतरा मंडरा रहा है। एनएमसी द्वारा इसकी घोषणा किए जाने के बाद राज्य में एमबीबीएस की डेढ़ सौ सीटें घट जाएंगी। वर्तमान में शासकीय और निजी मेडिकल कालेज मिलाकर पिछली बार 2130 सीटों पर एडमिशन हुआ था, जो इस बार 1980 में सिमट जाएगा। सीटें घटने का फायदा चार निजी मेडिकल कालेज को मिलने की संभावना है।



### अगले महीने से प्रक्रिया शुरू होने के आसार

मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस के एडमिशन के लिए प्रक्रिया अगस्त के दूसरे पखवाड़े से शुरू होने की संभावना है। एनएमसी द्वारा ऑल इंडिया के साथ राज्य कोटे की सीट में भी प्रवेश के लिए संभावित शेड्यूल जारी करेगा। पिछली बार विभिन्न व्यवधान की वजह से एडमिशन की प्रक्रिया काफी देरे से पूरी हुई थी। नीट कठिन होने की वजह से इस बार कम नंबरों से सफल होने वाले विद्यार्थियों को भी एडमिशन का मौका मिलने की उम्मीद है।

## पानी फिल्टर करने पांच गुना ज्यादा खप रहा एलम

# बारिश ने बदला नदी के पानी का रंग, हुआ मटमैला, 1900 पीपीएम तक जा पहुंची टर्बिडिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारिश के बाद खारुन नदी का पानी मटमैला हो गया है। फिल्टर प्लांट में नदी के मटमैले पानी को शुद्ध कर पीने लायक बनाने फिटकरी का डोज 5 गुना बढ़ा दिया गया है। बरसाती मिट्टी पानी में मिलने से मटमैलापन होने और कई तरह की अशुद्धियां को दूर करने अब 27 टन एलम की खपत होने लगी है, जो कि पूर्व में साढ़े पांच टन थी। मंगलवार को नदी में प्राकृतिक बहाव तेज होने से पानी की टर्बिडिटी 1900 पीपीएम तक जा पहुंची। इसे देखते हुए पानी शुद्ध करने एलम का डोज 5 गुना बढ़ाया गया है।

प्रदेश सहित राजधानी रायपुर में तीन दिनों से हो रही मानसूनी बारिश के कारण नदी-नाले में प्राकृतिक बहाव बढ़ा है। इसका असर खारुन नदी के जलस्तर में भी दिखने लगा है। मंगलवार की सुबह काठाडीह के पास नदी का पानी रोकने बनाये गये निगम के एनीकट में पानी का स्तर 10 इंच से बढ़कर 3 फीट ऊपर तक चला गया है। पानी की टर्बिडिटी जो पहले 150 पीपीएम रही, वह बढ़कर 1900 पीपीएम तक पहुंच गयी। चूंकि फिल्टर प्लांट में काठाडीह एनीकट का पानी आता है, ऐसे में पानी शुद्धिकरण में विशेष एहतियात बरतते हुए एलम के डोज को पांच गुना बढ़ाया गया है। बारिश के सीजन में पानी की गुणवत्ता और उपयोगिता प्रभावित न हो, इसके लिए एलम का 70 फीसदी स्टॉक फिल्टर प्लांट में सुरक्षित रखा गया है।



### 3 माह तक नहीं खरीदना पड़ेगा गंगरेल से पानी, 3 करोड़ 30 लाख बचाएगा निगम

*निगम का जल विभाग सिंचाई विभाग को हर महीने गंगरेल डेम से शहर को रॉ वाटर की आपूर्ति के एवज में 1 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि का भुगतान करता है। जुलाई से सितंबर तक मानसूनी बारिश के कारण नदी-नाले में प्राकृतिक बहाव का पानी नदी में पर्याप्त मात्रा में पहुंचने से 3 माह तक सिंचाई विभाग से पानी खरीदने की नौबत नहीं आयेगी। इससे नगर निगम के 3 करोड़ 30 लाख रुपये की बचत होगी।*

### 20 से 22 किलो वजन की सिल्ली में एलम का स्टॉक

फिल्टर प्लांट में प्रति वर्ष 800 मीट्रिक टन एलम की खपत होती है। इसमें से 70 फीसदी मात्रा बारिश के सीजन में पानी शुद्धिकरण के दौरान उपयोग में आती है। इसीलिए जल विभाग ने 20 से 22 किलो वजन की सिल्ली के रूप में एलम का स्टॉक फिल्टर प्लांट में सुरक्षित रखा है। नदी में प्राकृतिक बहाव की वजह से पानी में छोटे-छोटे कण जैसे मिट्टी, कीचड़ और सूक्ष्म जीवों की अधिकता होने से पानी अशुद्ध और मटमैला हो गया है। इसी मटमैलापन को दूर करने एलम का उपयोग किया जा रहा है। यही नहीं, प्रतिदिन 3 टन ब्लीचिंग पावडर और चूना की डोजिंग हो रही है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एलम को फिल्टर प्लांट के सेटलिंग टैंक के रेसकेट एरिया में मिलाने से पानी का स्वाद बदलता है और मिट्टी के कण सहित अन्य अशुद्धि दूर की जाती है।

### गंगरेल डेम से ले रहे मात्र 100 क्यूसेक रॉ वाटर

मानसूनी बारिश के कारण नदी-नाले में प्राकृतिक बहाव बढ़ा है। इसे देखते हुए निगम के जल विभाग ने गंगरेल डेम से मिलने वाले रॉ वाटर की मात्रा बरसात के मौसम में घटा दी है। पूर्व में 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की आपूर्ति सिंचाई विभाग से की जाती थी। अब केवल 100 क्यूसेक पानी लेना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा के बाद गंगरेल से पानी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए निगम ने सिंचाई विभाग को पत्र लिखा है।

# बारिश का असर विमानों की आवाजाही पर, पैसेंजर भी घटकर प्रतिदिन सात हजार पर सिमटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



बारिश का असर अब विमानों की आवाजाही पर ही होने लगा है। पिछले दो दिन से हो रही वर्षा के कारण सुबह के शेड्यूल में आवाजाही करने वाली फ्लाइट विलंब से संचालित हो रही है। इधर बरसात के कारण रायपुर में प्रतिदिन आठ हजार तक आने वाले यात्री छह से सात हजार में सिमट गए हैं। यात्रियों की संख्या में आने वाले दिनों में और गिरावट होने की संभावना है।

राजधानी में पिछले दो दिन से बारिश हो रही है, जिसका असर माना विमानतल में विमानों की आवाजाही पर हो रहा है। सोमवार के बाद मंगलवार को भी सुबह आने वाली कोलकाता, विशाखापट्नम, बेंगलुरु, मुंबई से आने वाले फ्लाइट अपने निर्धारित समय से आधे से एक घंटे विलंब से आई। विमानतल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि तेज बारिश के दौरान विजिबलिटी प्रभावित होती है, इसकी वजह से विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग होने में समस्या आती है। इसे ध्यान में रखते हुए तेज बारिश और आंधी के दौरान विमानों का संचालन नहीं किया जाता। दूसरी ओर इस मौसम में फ्लाइट के यात्रियों की संख्या भी कम हो जाती है। यात्री बारिश में सफर का जोखिम नहीं लेना चाहते। इस अवधि में वही यात्री अधिक सफर करते हैं, जिन्हें अति आवश्यकता होती है। जून के अंतिम दिनों से बारिश की गतिविधि बढ़ने से यात्रियों की संख्या कम होने लगी है।

### पार्किंग कर्मियों की किचकिच से मिली मुक्ति

माना विमानतल में यात्रियों को पिक एंड ड्राप करने आने वाले यात्रियों के पार्किंग कर्मचारियों से होने वाले विवादों से मुक्ति मिल चुकी है। विमानतल प्रबंधन द्वारा 28 जून को यहां आटोमैटिक पार्किंग सिस्टम की शुरुआत की है। इस स्वचलित सिस्टम से आटोमैटिक पर्ची बाहर निकल रही है और एंट्री बैरियर ओपन हो रहा है। एयरपोर्ट से एग्जिट के दौरान फास्टैग से निर्धारित शुल्क स्वंय कट जा रहा है। मानव हस्तक्षेप कम होने की वजह से यहां विवाद की आशंका भी कम हो गई है।

## पेज 9 के शेष

### कहीं आंगन डूबा, कहीं...

घुटना भर गंदा पानी पार कर विद्यालय छोडने निकले। बुजुर्ग महिलाएं और छोटे बच्चे घरों के सामने पानी भरने से परेशानी में दिखे। इसी तरह घर के आंगन से कमरे तक गंदा पानी घुसने से रोकने लोगों ने इंट का घेरा बनाया। जलभराव की स्थिति जानने बारिश में छतरी लेकर वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर निकले। वहां उन्होंने प्रभावित परिवारों के घरों में जाकर जलभराव की समस्या देखी। साथ निगम अमले को सूचना देकर मोटर पंप की मदद से घरों में घुसे बारिश के पानी को निकालने की व्यवस्था की।

**अग्रसेन चौक से तेलघानी मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, जलभराव**- जोन 7 क्षेत्र के अंतर्गत समता कालोनी के अग्रसेन चौक से तेलघानी नाका मुख्य मार्ग में नालियों की गंदगी और जगह-जगह खतरनाक गड्ढे लोगों की परेशानी का कारण बने। सड़क के दोनों ओर घुटनों तक पानी भरने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती रही। गाड़ियों की रेलमपेल के बीच सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वालों को हुई। शहर के व्यस्त मार्ग होने और आसपास की कालोनियों से कनेक्टीविटी के कारण इस मार्ग पर यातायात का दबाव ज्यादा रहता है। इसके बाद भी मार्ग की खस्ता हाल स्थिति को लेकर शहरवासी परेशान रहे।

### निगम के जयस्तंभ चौक...

पार्किंग में गंदा पानी भरने से निगम कर्मचारी व अधिकारियों को गाड़ी पार्क करने में परेशानी हुई। गांधी सदन के सामने वाली सड़क में जलभराव से राहगीरों को असुविधा हुई।

### आधी रात शुरू हुई...

अवरोध नहीं आया, जिससे प्रदेशभर में जोरदार ढंग से बारिश हुई। इसका ज्यादा प्रभाव रायपुर, दुर्ग, सरगुजा और बिलासपुर संभाग में रहा। दो दिन की व्यापक वर्षा ने राजधानी समेत पूरे प्रदेश को पानी-पानी कर दिया है। सोमवार को रात दो बजे के बाद राजधानी में बारिश का दौर शुरू हुआ था, जो सुबह छह बजे के बाद व्यापक हो गया और दोपहर एक बजे के बाद मौसम खुलने लगा। विशेषज्ञों का कहना है कि अब रायपुर जिला औसत वर्षा के मामले में प्लस की स्थिति में आ गया है। पिछले चौबीस घंटे में लालपुर स्थित मौसम वेधशाला में 66 मिमी. बारिश दर्ज की गई है।

**सिस्टम बना हुआ**- निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर भटिंडा गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र तक, गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, छत्तीसगढ़, दक्षिण उड़ीसा होते हुए विस्तारित है।

### प्रदेशभर में पापुनि...

बल्कि राजनांदगांव, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर और बिलासपुर के बुक डिपो में भी यही स्थिति रही। कई जगह भड़के शिक्षक पूछ बैठे कि हमें यहां भजन करना है क्या? रायपुर के डिपो में किताबें लेने मंगलवार को दुर्ग जिले के स्कूल पहुंचे थे। वे देर शाम तक राजधानी में ही फंसे रहे।

### केके श्रीवास्तव को...

आशीष शिंदे उर्फ रवि चोरहा को गिरफ्तार किया है। केके को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर 12 दिनों की रिमांड लेकर पूछताछ करने के बाद सोमवार को कोर्ट में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कर चुकी है। पुलिस के अनुसार आशीष सिंदे पूर्व में बाइक चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। आरोप है कि आशीष केके की मदद से पूर्व में विधानसभा चुनाव के समय चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों को टिकट दिलाने का झांसा देकर उनके साथ ठगी की है। हालांकि इस बात की अब तक किसी ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### केके के साथ मिलकर...

सहित कई इलाकों में जमीन खरीदने में मदद की थी। तब से आशीष तथा केके एक दूसरे के बेहद करीब आ गए। तेलीबांधा में ठगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद केके आशीष की मदद से फरार हुआ। बताया जा रहा है, केके को भगाने में मदद करने आशीष ने अपनी गाड़ी दी थी।

### तरुण बाजार के पास...

नगर निगम में दी। जानकारी मिलने पर जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को स्थल पर भेजा। नगर निगम जोन 6 की टीम ने स्थानीय निवासियों की मदद से तेज बारिश के दौरान बड़ी नाली में गिरी गाय को नाली से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

# गुढ़ियारी कोटा रोड में फायर स्टेशन वाली जगह पर कचरा डंप, बदबू के कारण चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के संत रामदास वार्ड स्थित गुढ़ियारी कोटा रोड में पुराने प्रस्तावित फायर स्टेशन के पास वाली जगह कूड़ेदान बन गयी है। नगर निगम ने यहां कचरा डंपिंग जोन बना रखा है। पिछले दो दिनों से यहां भारी मात्रा में कचरा डंप किया गया। इससे इस मार्ग में आने जाने वालों को भारी परेशानी हो रही है। फायर ब्रिगेड वाली जगह पर कचरा डंप करने का पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने विरोध किया है।

उनका कहना है कि जहां कचरा डंप हो रहा है, वहां से हजारों लोग रोज आना-जाना करते हैं। कचरे से निकलने वाली दुर्गंध से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। यदि 24 घंटे के अंदर वाला से कचरा नहीं हटाया, तो वे स्थानीय रहवासियों के साथ धरना देंगे। फायर ब्रिगेड को नगर सेना को सौंपने से पहले बनाया गया फायर स्टेशन अब तक शुरू नहीं किये जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। श्रीकुमार मेनन ने कहा ट्रिपल इंजन की सरकार को शहर की सफाई से कोई वास्ता नहीं है। रामनगर के कचरा डंपिंग जोन को आनन-फानन में यहां जबरिया शिफ्ट कराया गया है। इसकी जांच होनी चाहिए।

### सभापति राठौर, जोन अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर पहुंचे स्पॉट पर, आयुक्त से फोन पर चर्चा



सभापति सूर्यकांत राठौर और जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर ने कोटा में वृद्धाश्रम के समीप पुराने प्रस्तावित फायर स्टेशन क्षेत्र में कचरा डालने पर नाराजगी जताई है। स्थल पर जाकर उन्होंने देखा कि भारी मात्रा में कचरा डालने से बुजुर्ग नागरिकों को गंदगी से परेशानी हो रही है, साथ ही पास में स्थित हनुमानमंदिर में आने-जाने वालों को असुविधा की जानकारी उन्हें मिली। सभापति ने स्थल से ही जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा और जोन 7 के स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू से मोबाइल पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जोन कमिश्नर से तत्काल फायर स्टेशन स्थल पर कचरा डालने बंद करने कहा। सभापति ने निगम आयुक्त विश्वदीप से चर्चा कर नागरिकों को हो रही असुविधा से अवगत कराते हुए वहां कचरा डालना बंद करने की व्यवस्था कराने कहा है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 20.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम लाभाण्डी प.ह.नं. 65 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक/आवेदिका विनोद आहुजा पिता/पति स्व. आनंद आहुजा निवासी लालपुर रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 754/14 रकबा 0.2025 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 16.06.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 18.07.2025 को 3:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर - 09

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24/06/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक/आवेदिका वरुण कुमार पाण्डे वगै. पि. स्व. शशीकांत पाण्डे द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 179/52, 179/54 रकबा कुल 0.2610 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/अति. तहसीलदार वर्ष 2025 आदेश दिनांक 19/06/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 15/07/2025 को समय 2:00 pm बजे किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20
तहसील-रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक/202507114500001/अ-6/2024-25 रायपुर, दिनांक 01/07/2025, ग्राम-गुढ़ियारी, प.ह.नं.-49, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पालता मूर्ति पति श्री के. एन. मूर्ति निवासी- स्टेशन रोड, नहरपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पुत्र एवं सहखातेदार किशोर मूर्ति पिता के.एन. मूर्ति के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 191/18, (शामिल खसरा नं. 192/51) रकबा 1100 वर्गफुट भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका के पुत्र एवं सहखातेदार किशोर मूर्ति पिता के.एन. मूर्ति की मृत्यु 07/10/2024, को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। मृतक खातेदार अविवाहित थे, किशोर मूर्ति की मृत्यु पश्चात उनके कोई वैध उत्तराधिकारी नहीं है। उक्त खसरा नं. की संपत्ति से सहखातेदार किशोर मूर्ति का नाम विलोपित किया जावे, एवं शेष सहखातेदार अर्थात आवेदिका का नाम यथावत रखे इनके अलावा कोई वारिसान नही है । अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है । उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 23/07/2025 को होगी । अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/ आपत्ति दिनांक 23/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**पत्र क्रं./21773/न.पा.नि./जोन क्र. 10/2025**
**रायपुर, दिनांक 05/07/2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 21773**
**वार्ड का नाम- 50- पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446K00541 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती पूजा लखवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पवन लखवानी के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती मुकेश प्रसाद तिवारी पिता/पति श्री/श्रीमती शंकर प्रसाद तिवारी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/........./ वाचक/ तह./ 2025
मंदिर हसौद, दिनांक 04.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला - रायपुर के विचाराधीन प्रकरण में पक्षकार नरेन्द्र कुमार बर्मा पिता स्व. कृष्ण कुमार बर्मा एवं अन्य 07, निवासी- सिवनी, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम सिवनी, प.ह.नं.- 16, रा.नि.मं.- मंदिर हसौद तहसील- मंदिर हसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 516, 556, 563, 716, 1013, 1106, 1440 रकबा क्रमशः 0.80, 0.63, 0.20, 1.22, 1.69, 0.08, 0.06 हे भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख मे आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक मे दर्ज है, जिसका आवेदकगण अपने तथा अनावेदकगण के मध्य बराबर-बराबर बंटवारा कराना चाहते है। आवेदक के द्वारा संपूर्ण भूमि का बराबर भाग मे अपने मध्य बंटवारा कराने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है, जिसमे हल्का पटवारी के द्वारा फर्द बंटवारा प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है :-

**पक्ष क्रमांक 01:** नरेन्द्र, हेमंत, प्रमोद पिता कृष्ण कुमार, रेणु पिता कृष्ण कुमार, कृष्णी बाई पति कृष्ण कुमार, सरस्वती, लक्ष्मी, पुष्पा पिता बिसनाथ **खसरा नंबर-रकबा-लगानः**- 516 का भाग-0.40 - 1.00, 556 का भाग-0.32, 563 का भाग-0.10, 716 का भाग-0.61, 1013 का भाग-0.84, 1106 का भाग-0.04, 1440 का भाग-0.30, **योगः 07, 2.34, लगानः 1.00,**

**पक्ष क्रमांक 02:** घनश्याम पिता बिसनाथ, गीता, रश्मि पिता बिसनाथ, कुमारी बाई पति बिसनाथ बर्मा **खसरा नंबर-रकबा-लगानः**- 516 का भाग-0.40 - 1.00, 556 का भाग-0.31, 563 का भाग-0.10, 716 का भाग-0.61, 1013 का भाग-0.85, 1106 का भाग-0.04, 1440 का भाग-0.03, **योगः 07, 2.34, लगानः 1.00,**

अतः उक्तानुसार बंटवारा किये जाने मे जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को दावा /आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18.07.2025 तक इस न्यायालय मे आपत्ति दावा पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
मंदिर हसौद (छ.ग.)

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
LASER PILES
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दो इंक्रीमेंट दिलाने वाले डिप्लोमा कोर्स से निकायों के सब इंजीनियर, हेल्थ इंस्पेक्टर हुए बाहर

हरिभूमि न्यूज रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में काम करने वाले कर्मियों को दो वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) दिलाने वाले डिप्लोमा कोर्स से अब सब इंजीनियरों और हेल्थ इंस्पेक्टरों को बाहर कर दिया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में 33 साल बाद नियमों में बदलाव किया है। खास बात ये है कि इसके लिए यह शर्त अभी भी लागू है कि जिन निकायों का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से कम होगा, उन्हीं निकायों के कर्मियों को इस पाठ्यक्रम की परीक्षा के लिए मंजूरी दी जाएगी।

**ये है मामला:** नगरीय निकायों के कर्मियों को लोकल सेल्फ गर्वमेंट डिप्लोमा (एलएसजीडी) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद दो इंक्रीमेंट दिए जाने का प्रावधान है। यह पाठ्यक्रम पत्राचार के माध्यम से संचालित होता है। इस पाठ्यक्रम के संबध में 1992 में जो नियम बनाए गए थे। उनमें राज्य शासन ने बदलाव किया है।

**अब ये कर्मी ही होंगे पात्र**

नए नियम के हिसाब से अब एलएसजीडी. पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए तृतीय श्रेणी के नियमित कर्मचारी कार्यालय अधीक्षक, मुख्य लिपिक, लेखापाल, सहायक वर्ग-2, सहायक वर्ग-3, कैशियर, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक पात्र होंगे। इससे पहले इस पाठ्यक्रम के लिए निकायों के सब इंजीनियरों, और हेल्थ इंस्पेक्टरों को भी अनुमति दी जाती थी।

## निकाय का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से अधिक न हो

### पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण की ये हैं शर्तें

निकाय द्वारा एलएसजीडी. पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए चयनित कर्मचारी हेतु संबंधित निकाय की एम.आई.सी.पी.आई.सी. का पारित संकल्प आवश्यक होगा। संबंधित कर्मचारी की शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

### निकाय का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से कम हो

यह शर्त भी है स्थानीय नगरीय निकाय का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से कम होने पर ही प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति दी जा सकेगी। लेकिन इसमें खास बात ये है कि राज्य के अधिकांश निकायों का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से काफी अधिक है। लिहाजा स्थापना व्यय के हिसाब से कम ही निकायों के कर्मियों को इसकी अनुमति मिल सकती है।

### पांच साल की नियमित सेवा जरूरी

शर्तों में यह भी शामिल है कि कम से कम पांच वर्ष की नियमित सेवा अवधि आवश्यक होगी। 45 वर्ष से कम आयु के नियमित कर्मचारी ही पाठ्यक्रम के लिए पात्र होंगे। कर्मचारी व्यक्तिगत स्तर पर पत्राचार पाठ्यक्रम से डिप्लोमा लेने के पात्र नहीं होंगे।

### दो वेतन वृद्धि की पात्रता

एलएसजीडी. पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण भाग लेने की संचालनालय से सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने पर ही एलएसजीडी पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण शिक्षण उत्तीर्ण होने पर आगामी दो वेतन वृद्धियों की पात्रता होगी। पत्राचार पाठ्यक्रम प्रशिक्षण करने वाले कर्मचारी को आगामी तीन वर्ष तक अन्य किसी ऐसे ऐसे प्रशिक्षण में नहीं भेजा जायेगा, जिसमें आगामी वेतन वृद्धि का प्रावधान हो। अनुत्तीर्ण होने पर पुनः पाठ्यक्रम में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ राज्य के अन्तर्गत स्थापित संस्थान से ही उत्तीर्ण को ही मान्य किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति मुर्मू से राज्यपाल डेका ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट की।

### भिलाई में जबर हरेली रैली 20 को, तैयारी जोरों पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धार्मिक-सांस्कृतिक कैलेंडर का पहला त्योहार हरेली मनाने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अपनी पुरजोर तैयारियों में जुटी हुई है। संगठन इसे बड़े पैमाने पर पिछले एक दशक से लगातार मनाता आ रहा है। छत्तीसगढ़ में किसी भी सामाजिक संस्था के आयोजनों में भिलाई की जबर हरेली रैली को प्रमुख एवं विशालतम माना जाता है। इसी संबंध में सोमवार को कर्मा भवन सुपेला में क्रांति सेना की बड़ी बैठक हुई, जिसमें अन्य पदाधिकारियों के अलावा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव उपस्थित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों से आगामी 20 जुलाई को जबर हरेली रैली में सपरिवार पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में शामिल होने के लिए आव्हान किया। आयोजकों ने बताया, रैली आंबेडकर चौक पॉवर हाउस से निकलकर सुपेला, सेंट्रल एवेन्यू होते हुए सभास्थल दशहरा मैदान पहुंचेगी।

### महामाया देवी मंदिर में आज से सत्संग समारोह

**रायपुर।** गुरु पूजा के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा पुरानी बस्ती स्थित महामाया देवी मंदिर में दो दिवसीय 9 से 10 जुलाई तक सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस सत्संग समारोह में मानव धर्म के प्रणेता सतपाल महाराज की शिष्या महात्मा दीप्ति बाई, विलक्षणा बाई एवं हेमांशी बाई हरिद्वार द्वारा ज्ञान-विज्ञान से ओतप्रोत, गीता, रामायण, भागवत, उपनिषद आदि सभी धर्मग्रंथों पर आधारित आध्यात्मिक प्रवचन होंगे।



### पचपेड़ी नाका का नाम बदलकर 'माता राजिम' चौक करने की मांग



**रायपुर।** पचपेड़ी नाका चौक का नामकरण 'माता राजिम' के नाम पर करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय के जोन क्रमांक-10 के जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आपत्ति दर्ज भी कराई गई। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ द्वारा पचपेड़ी नाका चौक को माता राजिम चौक के नाम पर करने के लिए मांग की गई थी, लेकिन उस पर नगर निगम से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। अब नगर निगम कार्यालय जोन-10 द्वारा समाचार पत्रों में दावा-आपत्ति के लिए आमंत्रण का प्रकाशन कराया गया है।

## हाईवे में भी जलभराव निगम ने एनएचआई को लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के प्रमुख मार्ग और रिहाइशी इलाकों में जलभराव आम बात है, पर अब एनएचआई के हाईवे में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। इसकी शिकायत लोगों ने निगम के जोन 8 दफ्तर में कराई। शिकायत के बाद जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने मंगलवार को वीर सावरकर नगर वार्ड के श्रीराम धर्मकांटा के सामने हाईवे मार्ग में जलभराव स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य नाले पर बनाये गये पाटों को तोड़कर नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के निर्देश पर उन्होंने एनएचआई के संबंधित प्रभारी अधिकारी को पत्र लिखकर जलभराव की शिकायत दूर करने कार्यवाही करने कहा है।

जोन 8 के वीर सावरकर नगर वार्ड स्थित श्रीराम धर्मकांटा के पास अकसर जलभराव की समस्या रहने से आसपास के रहवासी परेशान हैं। मुख्य नाले पर पाटा बनाने से नाले की सफाई प्रभावित होने से यह स्थिति बनी है। जन शिकायत के बाद जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया। चंदनीडीह मार्ग में धर्मकांटा के सामने पानी के जमाव की समस्या दूर कराने नाले पर बने पाटों को तोड़वाने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

## टर्मिनल के फेर में फंसी नई ट्रेन, अब स्वीकृति का इंतजार

# घोषणा के महीनेभर बाद अधर में जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जबलपुर से रायपुर के बीच इंटरसिटी ट्रेन की घोषणा को एक महीना बीतने को है, लेकिन अब तक इसके संचालन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। रेलवे द्वारा ट्रेन की मंजूरी मिलने के बावजूद संचालन की तारीख तय नहीं की जा सकी है, जिससे यात्रियों में असंतोष और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। रेलवे ने यह ट्रेन नैनपुर-गोंदिया मार्ग होते हुए चलाने की योजना बनाई थी, जिसका टर्मिनल मदन महल स्टेशन प्रस्तावित किया गया है, लेकिन यहां पुनर्विकास कार्य अभी जारी हैं और स्टेशन टर्मिनल संचालन के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं से लैस नहीं है। ऐसे में ट्रेन को जबलपुर मुख्य स्टेशन से चलाने का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन रेलवे बोर्ड से इसकी स्वीकृति अब तक नहीं मिली है।

**संशोधित समय-सारणी को मंजूरी नहीं मिलने से देर:** जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन की मांग वर्षों से की जा रही थी।



मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के हजारों यात्रियों की उम्मीदों को लेकर घोषित की गई इस ट्रेन को लेकर सबसे अधिक उत्साह था, लेकिन अब यही ट्रेन अनिश्चितता में उलझी हुई है। रेलवे बोर्ड से प्रस्तावित टर्मिनल परिवर्तन और संशोधित समय-सारणी को मंजूरी नहीं मिलने के कारण ट्रेन के संचालन में लगातार देरी हो रही है। इस देरी ने यात्रियों के धैर्य की परीक्षा लेनी शुरू कर दी है।

एक ट्रेन उसमें भी नहीं मिलती जगह जबलपुर से रायपुर के बीच इस समय सिर्फ एकमात्र अमरकंटक एक्सप्रेस ही संचालित हो रही है। लेकिन इस ट्रेन में कन्फर्म टिकट मिलना यात्रियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। भीड़ और सीमित सीटों के कारण लोगों को अक्सर लंबी प्रतीक्षा सूची का सामना करना पड़ता है।अमरकंटक एक्सप्रेस अपेक्षाकृत लंबा मार्ग तय करती है, जिससे समय भी अधिक लगता है और किराया भी ज्यादा आता है। इसके मुकाबले नैनपुर-गोंदिया मार्ग से रायपुर की दूरी काफी कम है, जिससे नई इंटरसिटी ट्रेन के शुरू होने पर किराया घटेगा और समय की बचत भी होगी।रेलवे द्वारा प्रस्तावित इंटरसिटी ट्रेन से बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़ और राजनांदगांव जैसे महत्वपूर्ण शहरों का जबलपुर से नियमित और तेज रेल संपर्क स्थापित हो जाएगा। इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र, व्यवसायी और आम यात्री रोजाना जबलपुर आते-जाते हैं, जिनके लिए यह ट्रेन बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक कोच की उपलब्धता भी अटकी हुई है।

## ब्रेकर में दोपहिया से उछलकर गिरी महिला को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी में हुई

हाईवे में गैर जरूरी ब्रेकर की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय रहवासी गाड़ियों की स्पीड कम करने अपने स्तर पर ब्रेकर बना देते हैं। ऐसे ही गैर जरूरी ब्रेकर में एक्टिवा सवार एक महिला उछलकर गिर गई और ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी में मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे की है। पुलिस के मुताबिक कुरुद निवासी हीरा बाई साहू अपने भतीजे के साथ किसी काम से रायपुर आई थी। घटना दिनांक को वह अपने भतीजे के साथ वापस कुरुद जा रही थी। एक्टिवा महिला का भतीजा चला रहा था और वह पीछे बैठी हुई थी। देवपुरी में सतनाम चौक के पास एक्टिवा चला रहा महिला का भतीजा ब्रेकर को देख नहीं पाया। अचानक सामने ब्रेकर देखने के बाद महिला के भतीजे ने एक्टिवा का ब्रेक लगाया। अचानक ब्रेक लगाने से महिला एक्टिवा से उछलकर गिर गई। इस दौरान महिला पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई और महिला की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

### गुरु पूर्णिमा पर विशेष पूजा आज से

**रायपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के श्रीरामकृष्ण मंदिर में 10 जुलाई को विशेष पूजा की जाएगी। साथ ही स्तोत्र, भजन, हवन, भोग तथा प्रवचन आदि होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि गुरुभक्त और लोग भारी संख्या में लोग शामिल होंगे।

## मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को लिखा पत्र, न्यायालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग से कराएं पेशी

- मॉनिटरिंग समिति की बैठक के एजेंडा में शामिल कर कार्यवाही सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, त्वरित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। उन्होंने अभियुक्तों एवं साक्षियों की अदालतों में यथासंभव श्रव्य-दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से उपस्थिति एवं परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर लिखा, आमतौर पर यह देखने में आ रहा है कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में अभियुक्तों एवं साक्षियों के परीक्षण के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से बुलाया जाता है। जेल से अभियुक्तों और आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित कराने की प्रक्रिया में अत्यधिक समय और बल की आवश्यकता होती है। कभी-कभी अभियुक्तों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार चिकित्सक, बैंककर्मी और अन्य लोक सेवकों के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से न सिर्फ उनका लोक कृत्य प्रभावित होता है, बल्कि शासन पर उनके आवागमन के व्यय का अतिरिक्त भार भी पड़ता है।

### एक्ट के प्रावधानों के अनुसार करें कार्यवाही

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभियुक्तों एवं साक्षियों की न्यायालय में श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। इसलिए अभियुक्तों और साक्षियों की न्यायालय में यथासंभव श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायालय की अध्यक्षता में होने वाली मॉनिटरिंग समिति की बैठक के एजेंडा में शामिल कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## युक्तियुक्तकरण के बाद नहीं दी ज्वॉइनिंग तो रुकेगा वेतन

- युक्तियुक्तकरण : तबादले के बाद भी कई शिक्षकों ने नहीं दी है ज्वॉइनिंग
- सख्त हुआ लोक शिक्षण संचालनालय, आगामी आदेश तक रूका रहेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्तियुक्तकरण के बाद ऐसे शिक्षकों का वेतन रोके जाने की तैयारी है, जिन्होंने तबादले के बाद अब तक नए स्कूल में ज्वॉइनिंग नहीं दी है। इसे लेकर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अंततः आदेश जारी कर दिया गया है। आगामी आदेश तक इन शिक्षकों के वेतन रुके रहेंगे। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण हुए लगभग एक माह हो चुके हैं।पर्याप्त अवधि के बाद भी थोक में ऐसे शिक्षक हैं, जो पुरानी जगहों पर जमे हुए हैं और नए स्थान पर ज्वॉइनिंग नहीं दी है। कई बार मौखिक रूप से ऐसे शिक्षकों को निर्देश दिए गए थे, इसका कोई असर नहीं होने के बाद अब अंततः आदेश जारी कर वेतन रोकने का निर्णय लिया गया है।



### हाईकोर्ट पहुंचे शिक्षकों को राहत

सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को भी आदेश प्रेषित किया गया है। इसके आधार पर ज्वॉइनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। यह आदेश केवल उन शिक्षकों पर लागू नहीं होगा जिन्हें हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। डीपीआई द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, युक्तियुक्तकरण के पूर्व प्रदेश में 453 स्कूल शिक्षक विहीन थे। इनमें से 80 प्रतिशत स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षक मिल गए हैं। दूसरी ओर पिछले सत्र तक 5936 विद्यालय एकल शिक्षकीय थे। इस सत्र में इन स्कूलों की संख्या सिर्फ 1200 रह गई है।

## राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल आज, समर्थन में श्रमिक संगठनों ने निकाली मशाल रैली

### केन्द्र सरकार की श्रमिक व किसान विरोधी नीतियों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सप्रे शाला कर्मचारी भवन से निकाली मशाल रैली

केंद्र सरकार की श्रमिक व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जलाई को श्रमिकों की देशव्यापी आम हड़ताल की पूर्व संध्या मंगलवार को राजधानी में मशाल रैली निकाली गई।

ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के आव्हान पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों ने कर्मचारी भवन बुढ़ापारा से रैली निकाली रैली शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करती हुई वापस कर्मचारी भवन में पहुंचकर आमसभा में परिवर्तित हो गई।

राजधानी में मजदूर विरोधी श्रम संहिता की वापसी सहित केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में इंटक, एचएमएस,ऐक्टू सहित प्रमुख 10 केंद्रीय श्रम संगठनों ने मशाल रैली निकाली। इसमें बड़ी संख्या में कामगार शामिल हुए। रैली के बाद हुई सभा को संबोधित करते हुए मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र ने कहा कि 9 जुलाई की हड़ताल में 20 करोड़ से अधिक मेहनतकश जनता शामिल होने जा रही है। बैंक, बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, रेलवे, स्टील, कोयला क्षेत्र सहित राज्य शासन व केंद्र सरकार कर्मियों तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं।



संयुक्त किसान मोर्चा ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को पंडरी स्थित एल आई सी मंडल कार्यालय में आयोजित संयुक्त सभा आयोजित है। इसमें हड़ताल से संबंधित मुद्दों पर नेता विस्तार से अपनी बात रखेंगे। अम्बेडकर चौक मे इस हड़ताल के पक्ष में वामपंथी पार्टियों का प्रदर्शन भी होगा । पूरे प्रदेश में हड़ताल की व्यापक तैयारियां की गई है। सरकारी क्षेत्र में तत्काल नई भर्ती आरंभ करने, न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये प्रतिमाह करने, महंगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित अन्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। मशाल रैली में सीटू महासचिव एम के नंदी, सुरेन्द्र शर्मा, राजेश पराते, नवीन गुप्ता, संदीप सोनी, अनुसुइया ठाकुर, ज्योति पाटिल, धार्मिणी सोनवानी, शिरीष नलगुंडवार, जे एस नशकर, अतुल देशमुख, वी एस बघेल, गजेन्द्र पटेल, राजेश अवस्थी, ऋषि मिश्रा, डी सी पटेल, सुभाष साहू, ललित वर्मा, दुलाल मजूमदार, श्रीकांत पेंढारकर, पूनम साहू प्रमुख रूप से शामिल रहे। वहीं बैंक, बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, बीमा पेंशनर्स, सीटू, एस एफ आई राज्य सरकार व केंद्र सरकार से जुड़े श्रम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## बिजनेस साइट

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क एंडोस्कोपी शिविर 11 को



**रायपुर।** शहर के भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क एंडोस्कोपी शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर 11 जुलाई (शुक्रवार) को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अस्पताल परिसर में संचालित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य पाचन संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों को उन्नत जांच सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में आने वाले मरीजों को एंडोस्कोपी जांच के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की निशुल्क चिकित्सकीय सलाह भी प्रदान की जाएगी।

उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल की अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट की टीम इस अवसर पर मरीजों की समस्याओं का उचित मार्गदर्शन करेगी।

## भड़के छात्र, निजी विवि के खिलाफ कार्रवाई की मांग, श्रीफल के साथ सौंपा ज्ञापन

# पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता नहीं, फिर भी दे रहे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही विविध पाठ्यक्रमों की मान्यता को लेकर फिर से सवाल उठना शुरू हो गए हैं। इन सबके बीच मंगलवार को श्री रावतपुरा सरकार विवि के खिलाफ छात्र मोर्चा खोलकर बैठ गए। छात्रों का आरोप है कि उक्त संस्थान को मेडिकल संबंधित पाठ्यक्रम संचालित करने पैरामेडिकल काउंसिल से अनुमति प्राप्त नहीं है। इसके बाद भी इनके द्वारा पैरामेडिकल कोर्स के अंतर्गत आने वाले कई पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। ऐसे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों पर कार्रवाई की मांग लेकर छात्र छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल पहुंचे।



एनएसयूआई की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पैरामेडिकल छात्र भी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल कार्यालय में छात्रों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। हालांकि हिंसक झड़प या बलप्रयोग की स्थिति निर्मित नहीं हुई। छात्रों ने पैरामेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार को नारियल के साथ ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### छात्रों का नहीं हो सका पंजीयन

बीएमएलटी, डीएमएलटी, डायलिसिस, ऑप्टेमेटरी कोर्स जैसे कई पैरामेडिकल पाठ्यक्रम इस सूची में शामिल हैं, जो बिना मान्यता संचालित किए जा रहे हैं। ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में विगत चार वर्षों से इन पाठ्यक्रमों का संचालन अवैध तरीके से बिना मान्यता किया जा रहा है। पिछले पांच सालों में 2019 से 2025 तक लगभग एक हजार छात्रों ने पढ़ाई की है। पढ़ाई पूर्ण होने के बाद आज भी छात्र-छात्राएं अपने रजिस्ट्रेशन के लिए दरबदर भटक रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा यह कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से हमे एनओसी प्राप्त है, जबकि छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से उन्हें बीएमएलटी, डीएमएलटी, डायलिसिस, ऑप्टेमेटरी कोर्स के संचालन के लिए किसी भी प्रकार की कोई भी मान्यता प्राप्त नहीं है। इस दौरान शिवांक सिंह, प्रशांत चंद्राकर, संयम सिंह, वैभव मुजेवार, आशीष तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव, रजत ठाकुर, जुबैर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

गणेश चतुर्थी पर मंगलमूर्ति को घर....

## जॉब लाइव

# आईटीआई एडमिशन के लिए 13 जुलाई से 18 जुलाई तक पंजीयन




**रायपुर।** कार्यालय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम, दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कोपा, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, आदि विषयों में ऑनलाइन प्रवेश हेतु तिथि जारी कर दिया है। द्वितीय चरण की रजिस्ट्रेशन के लिए 13 जुलाई से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है। इस संबंध में विद्यार्थी ऑफिषियल वेबसाइट https://cgiti.admissions.nic.in// पर जाकर छत्तीसगढ़ आईटीआई एडमिशन 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में होगी। जिले के इच्छुक, ऐसे समस्त आवेदक जो उपरोक्त पदों हेतु योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 18 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गंगापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### 18 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प

रोजगार कार्यालय उपसंचालक ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 18 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी आश्रव फाउंडेशन/आश्रव सिक्योरिटी/एचआर सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़ के संचालक सत्यम कुमार उपस्थित रहेंगे। प्लेसमेंट कैंप के अंतर्गत असिस्टेंट नर्स के 100 पद शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं एवं एएनएम, संभावित वेतन 12 हजार, एचआर के 5 पद योग्यता एमबीए संभावित वेतन 15 हजार, ऑफिस असिस्टेंट के 2 पद योग्यता स्नातक, संभावित वेतन 12 हजार, सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद योग्यता 8वीं, 10वीं एवं 12वी संभावित वेतन 10 हजार, बिलिंग एक्जिक्यूटिव के 2 पद योग्यता/स्नातक, संभावित वेतन 10 हजार निर्धारित किया गया है। यह पद रायपुर जिले के लिए है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निशुल्क है, नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## सिटी इवेंट

# स्टाइलिश गमलों से सजा रहे आशियाना, बास्केट प्लांटर में एक साथ तैयार कर रहे चार पौधे





**रायपुर।** शहर में मानसून की दस्तक के साथ ही लोग अपने गार्डन को हरा-भरा और खूबसूरत बनाने में जुट गए हैं। समय के साथ गार्डन डेकोरेशन में भी काफी बदलाव आया है। अब पारंपरिक गमलों की जगह फाइबर बॉस्केट, रंगबिरंगे स्टोन, प्लांट स्टैंड और डिजाइनर गमलों का चलन बढ़ा है। नर्सरी के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी गार्डन सजावट की सामग्री की अच्छी-खासी मांग है। इंडोर और आउटडोर दोनों तरह के प्लांट्स सजाने के लिए खासतौर पर बालकनी, छत, रूम कॉर्नर और खिड़की के छोटे स्पेस में हरियाली के विकल्प अपनाए जा रहे हैं। हरिभूमि ने होम गार्डन सजाने बाजार में उपलब्ध उपकरणों की जानकारी ली। नर्सरी समेत दुकान संचालक का कहना है कि फूलों के रंगबिरंगे पैटर्न वाले गमले, स्टैंड और हल्के वजन के प्लांटर न केवल पौधों की खूबसूरती बढ़ाते हैं, बल्कि सफाई के दौरान इन्हें संभालना भी आसान होता है।

### उल्लू और चिड़िया की आकृति में प्लांटर

घर को पौधों को जरिए नया लुक देने नर्सरी में उल्लू और चिड़िया की आकृति वाले छोटे सिरेमिक प्लांटर उपलब्ध हैं। ये प्लांटर बच्चों के कमरे या स्टडी टेबल पर उपयोग किए जा सकते हैं। पौधों से बच्चे के रूम में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। इनकी कीमत 180 से 350 रुपए तक है। टैरेरियम स्टाइल ग्लास प्लांटर आधुनिक घरों के लिए स्टाइलिश और एलिगेंट ऑप्शन बना हुआ है, जो यह मिनी गार्डन का अनुभव देता है।

### एक साथ अधिक पौधे लगाने खरीद रहे बास्केट प्लांटर

मठपारा स्थित सरिता नर्सरी में डेकोरेशन के लिए रंगबिरंगे फूलों के डिजाइन वाले छोटे-बड़े साइज के गमले लोगों को पसंद आ रहे हैं। नर्सरी सांचलक ने बताया कि इस तरह के गमले लिविंग रूम और बालकनी में सजाने के लिए खरीदे जा रहे हैं, जिसकी कीमत 450 से 850 रुपए तक है। एक साथ अधिक पौधे लगाने के लिए बॉस्केट स्टाइल रोटन प्लांटर पहली पसंद बने हुए हैं। इसकी कीमत साइज के अनुसार 600 से 1500 रुपए तक है। इसके अलावा घर की रेलिंग एवं छतों को पौधों से सजाने हैंगिंग प्लांटर खरीद रहे हैं।



ऊर्जा पार्क भ्रमण पर जाने वाले पर्यटकों के लिए नया अनुभव तैयार है। अब पार्क में पुरानी टॉय ट्रेन को बदल दिया गया है। इसकी जगह अब वंदे भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर तैयार की गई नई और अत्याधुनिक ट्रेन पार्क में दौड़ेगी, जो पर्यटकों को पूरे परिसर का भ्रमण कराएगी। इस नई चमचमाती ट्रेन के साथ ऊर्जा पार्क में अब नए स्टेशन भी बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर छत्तीसगढ़ के प्राचीन और ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी, जिससे पर्यटकों को मनोरंजन के साथ-साथ राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की भी जानकारी मिल सकेगी।



### बच्चे नहीं होंगे मायूस... ट्रेन से भोरमदेव-सिरपुर मॉडल का भ्रमण

# ऊर्जा पार्क में दौड़ेगी टॉय वंदेभारत






पार्क में अब मनोरंजन के साथ मिलेगा ज्ञान का अनुभव, नई ट्रेन के साथ किराया भी बढ़ेगा

**रायपुर।** ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नई टॉय ट्रेन बहुत जल्द शुरू की जाएगी। यह पहल न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी, बल्कि बच्चों के लिए भी ज्ञानवर्धक और रोचक अनुभव साबित होगी। बता दें कि लंबे समय से ऊर्जा पार्क में टॉय ट्रेन की सुविधा बंद थी, जिससे पार्क में आने वाले बच्चों को मायूस होकर लौटना पड़ता था। विभाग ने अब पुरानी ट्रेनों को ही नया रूप देकर अपग्रेड किया है। इन ट्रेनों को वंदे भारत नाम दिया गया है और इनमें सुविधाएं भी वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी ही प्रदान की गई हैं। विभाग के अनुसार, नई ट्रेन के किराए में कुछ बदलाव किए जाएंगे, लेकिन इसे लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

### गद्देदार सीट और स्पीकर की सुविधा

टॉय वंदे भारत ट्रेन में पर्यटकों के आराम का खास ध्यान रखा गया है। पुरानी सीटों को हटाकर अब नई गद्देदार सीटें लगाई गई हैं, जो यात्रियों को अधिक आरामदायक अनुभव देंगी। ट्रेन में प्रवेश करते ही यात्रियों का स्वागत किया जाएगा और यात्रा के दौरान ट्रेन जिस-जिस स्थान से गुजरेगी, उसकी जानकारी स्पीकर के माध्यम से दी जाएगी। इस उद्देश्य के लिए ट्रेन में ऑडियो सिस्टम भी स्थापित किया गया है।

### प्राचीन मंदिरों का भ्रमण कराएगी ट्रेन

*ऊर्जा पार्क में आने वाले पर्यटकों को एक नया अनुभव देने के लिए अब यहां भोरमदेव, सिरपुर जैसे छत्तीसगढ़ के प्राचीन मंदिरों के प्रतीकात्मक मॉडल बनाए गए हैं। इसके अलावा वन्यजीवों के प्रतीकात्मक घर भी तैयार किए गए हैं, जो बच्चों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। पर्यटक अब ट्रेन में बैठकर इन स्थलों का आनंद ले सकेंगे। ट्रेन ऊर्जा पार्क के चारों ओर भ्रमण कराएगी और हर प्रमुख बिंदु पर जानकारी भी दी जाएगी। इस उद्देश्य के लिए विभाग ने पार्क का स्वरूप नए सिरे से तैयार किया है। नई टॉय ट्रेन में एक बार में 20 से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे, जिससे अधिक संख्या में लोग इस आकर्षण का लाभ उठा पाएंगे।*







### वन्यजीवों, पक्षियों तितलियों और औषधीय पौधों की जानकारी

ऊर्जा पार्क में अब पर्यटकों को केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि वन्यजीवों और वनस्पतियों के बारे में जानकारी भी मिलेगी। विभाग ने पार्क परिसर में सूचनात्मक बोर्ड लगाए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली विभिन्न तितलियों, दुर्लभ पेड़-पौधों और औषधीय वनस्पतियों की विशेषताओं का उल्लेख किया गया है। पर्यटकों को यहां फलदार पौधों, औषधीय जड़ी-बूटियों और पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी मिलेगी, जिससे पार्क का भ्रमण ज्ञानवर्धक अनुभव बन जाएगा। विभाग द्वारा पार्क के रेनोवेशन का कार्य जारी है। आने वाले समय में यह स्थल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए और भी आकर्षक बन जाएगा।

# खाटू श्याम की 300 पोशाकों पर टिकी नजरें, स्टोन राखियां की मांग अधिक

**रायपुर।** संगिनी महिला मंडल द्वारा महाराष्ट्र मंडल सभागार में दो दिवसीय सावन मेला का आयोजन किया गया है। इस मेले में सावन, तीज, जन्माष्टमी और राखी को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइनर ड्रेस, ज्वेलरी, हैंडक्रॉफ्ट, होम डेकोर, पूजन थाल और पोशाक के विशेष स्टॉल्स लगाए गए हैं। खासतौर पर महिलाओं के लिए आकर्षक पोशाक और राखियों की विविधता देखने को मिली। संस्था की अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को दो दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रदर्शनी से प्राप्त राशि से अन्य दिव्यांग, बुजुर्ग और जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता की जाएगी। मंडल अब तक 400 जयपुरी पैर और 100 ट्राइसिकल डोनेट कर दिव्यांगों की मदद कर चुका है।



### फ्रिज मैग्नेट पर लिखे मैसेज ने खींचा ध्यान

*रोशनी नहाटा के स्टॉल पर कस्टमाइज फ्रिज मैग्नेट ने सभी खरीदारों का खास ध्यान खींचा, जहां फ्रिज मैग्नेट पर लिखे मैसेज ने सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। इसमें आज खाना बनाने का मूड नहीं है, मम्मी का ढाबा 24 हावर्स ओपन, फोन से मन भर जाए तो पेट भी भर लेना, आई डोंट नीड अ सुपर हीरो, आई हैव अ बिग ब्रदर...जैसे मैसेज लिखे गए। दुकान संचालिका ने बताया कि सभी मैसेज मां और बच्चे के व्यंग्य, रक्षाबंधन पर भाई-बहन के स्नेह, दोस्तों की यारी पर लिखे गए हैं।*



### जन्माष्टमी, गणपति उत्सव के लिए कस्टमाइज सिंहासन

सान्या जिंदल के स्टॉल पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणपति उत्सव और रक्षाबंधन के लिए हैंडक्रॉफ्ट थाली और सिंहासन सजाया गया है, जिसमें मोर डिजाइन विशेष आकर्षण का केंद्र है। डेकोर के लिए कोलकाता और दिल्ली से स्टोन, मोती, चमकीला कपड़ा, डोरी, गोल्डन लेस मंगाए गए हैं, जिससे हैंडमेड कस्टमाइज पूजन समाग्री तैयार की गई, जो खरीदारों की पसंद बनी हुई है। हां स्टॉल पर 300 डिफरेंट डिजाइन की पोशाकें उपलब्ध हैं। जहां शहरवासी 200-1200 रुपए तक की पोशाक खरीदी कर रहे। पोशाक में श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों का वर्णन किया गया है। साथ ही मोर, फूल, राधा, बांसुरी के जरीवर्क से पोशाक तैयार की गई है। पहले ही दिन भारी संख्या में खरीदार स्टॉल पर नजर आए।

# सहकारिता विभाग ने 1 लाख पौधे रोपने का लिया संकल्प

**रायपुर।** भारत सरकार के सहकार से समृद्धि\" अंतर्गत सहकारिता विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पूरे छत्तीसगढ़ में 1 लाख पौधारोपण किया गया। भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 5 जुलाई को समाहित करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ के सहकारी संस्थाओं में 1 से 6 जुलाई तक विविध कार्यक्रमो, शिविरों, सहकारी संगोष्ठयो तथा पौधारोपण का आयोजन किया गया।



### सुरक्षा का लिया संकल्प

सहकारिता विभाग द्वारा \"एक पेड़ माँ के नाम\" अभियान के तहत अपेक्स बैंक, सभी जिला सहकारी केंद्रीय बैंको तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सेवारत 2058 पैक्स सोसायटियो तथा प्रदेश के धान उपार्जन केंद्रों में 1 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया था। छत्तीसगढ़ के कोआपरेटिव्ह सेक्टर में \"एक पेड़ माँ के नाम\" के तहत 1 लाख पौधे का वृक्षारोपण किया गया तथा सभी ने उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। सहकारिता और एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान दोनों ही सामाजिक उत्थान व पर्यावरणीय संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहल है, जो कि सामूहिक भागीदारी पर आधारित है।

### मनोचिकित्सकों की सलाह-घर को बनाएं 'नो डिजिटल जोन, क्योंकि अकेलपन से बच्चों में ऑटिज्म की समस्या बढ़ रही

# माता-पिता की वर्किंग लाइफ से बच्चों में बढ़ रहा अकेलापन संयुक्त परिवार के टूटने से भी व्यवहार में आया बदलाव

कार्नर न्यूज

रायपुर। बदलती जीवनशैली के कारण संयुक्त परिवार का चलन धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। पहले जहां बच्चे अपने दादा-दादी, चाचा-चाची समेत परिवार के बड़ों के साथ रहकर परंपरा, संस्कार और संस्कृति को आत्मसात करते थे, अब वह अवसर सीमित होता जा रहा है। इन दिनों एकल परिवार का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जहां माता-पिता की लाइफ वर्किंग होने की स्थिति में बच्चों को अधिक समय अकेले बिताना पड़ रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो इस स्थिति का बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास पर सीधा असर पड़ रहा है। बच्चों में चिड़चिड़ापन, तनाव, अकेले रहने की आदत और सामाजिक मेलजोल में कमी जैसी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक व्यवहार में विकास के लिए बचपन में ही संस्कारों का ज्ञान देना चाहिए, जिसके लिए जन्म से 8 वर्ष तक की आयु तय की गई है। यह कहना फैमिली काउंसलर्स व मनोवैज्ञानिकों का है। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि कम उम्र में ही बच्चे अकेलेपन और तनाव का शिकार हो रहे हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है।

### दिन में एक वक्त साथ बैठकर करें भोजन

बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए माता-पिता पहले अपने दिनचर्या और व्यवहार में सुधार करें। रोजाना रात का भोजन करने साथ बैठें, और उस दौरान दिनचर्या की बात करें। जहां बच्चे माता-पिता को देखकर अपनी दिनचर्या, स्कूल होमवर्क या दोस्तों की बात करेंगे, इससे बच्चों को समझने का मौका मिलता है। मनोवैज्ञानिक डॉ. डोमेंद्र गंजीर के अनुसार, बच्चों को समझने के लिए उन्हें वक्त देना जरूरी है। अगर माता-पिता वर्किंग है तो हैंडक्रॉफ्ट, प्लांटिंग, पेंटिंग, मॉर्निंग वॉक जैसे काम साथ मिलकर करें।



### बच्चों का अकेलापन दूर करने पैट रखने की सलाह

फैमिली काउंसलर वर्षा वरवंडकर ने बताया कि पैरेंटिंग एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसमें सबसे बड़ा किरदार मां का होता है। सोशल मीडिया पर पैरेंट्स सबसे ज्यादा समय दे रहे हैं, इसलिए घर में कोई नो डिजिटल जोन बनाएं, ताकि परिवार के लोगों के साथ बैठें तो मोबाइल मत रखें। रोजाना 1-2 घंटे परिवार आपस में समय बिताए। माता-पिता बच्चों की बात सुनें, क्योंकि वर्किंग दिनचर्या में बच्चा दिनभर माता-पिता का इंतजार करता है। समय नहीं मिलने पर बच्चे ऑटिज्म, तनाव व अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं। वहीं एकल परिवार होने से घर पर एक पालतू पशु जरूर रखें, ताकि बच्चों को अकेलापन महसूस न हों।

### बच्चों से इमोशनली कनेक्ट होने की जरूरत

बच्चें हमसे बात नहीं करते, सही तरीके से भोजन नहीं करते, अकेला रहना पसंद करते हैं और स्वभाव में चिड़चिड़ापन बहुत रहता है....यह परिजनों की समस्या है। इन दिनों लगभग 2-3 साल जैसी छोटी-सी उम्र से ही बच्चों के व्यवहार में बदलाव देखने को मिल रहा है। जिला अस्पताल से डॉ. निलय मोझरकर ने बताया कि काउंसिलिंग के दौरान परिजनों को बच्चों से इमोशनली कनेक्ट होने की बात कही जाती है। पहले घर के बड़े व्यावहारिक ज्ञान कम उम्र से ही स्थापित करते हैं, लेकिन वह समय के साथ समाप्त होता गया। बच्चे परिजनों का व्यवहार तथा दिनचर्या देखते हैं, जिसका उन पर सीधा असर होता है। इसलिए सही व्यवहार से उन्हें बेहतर शिक्षा दी जा सकती है।

समाज लाइव

## फिजियोथैरेपी सेंटर में गायत्री परिजन अब बढ़ाएंगे सुविधा



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर में अब आधुनिक मशीन लगेगी। लोगों की सेवा के लिए सेंटर को हाईटेक बनाने की तैयारी है। गायत्री शक्तिपीठ में लंबे समय से फिजियोथैरेपी सेंटर का संचालन किया जा रहा है। आने वाले मरीजों को फिजियोथैरेपी से भी बेहतर लाभ मिले और लोग पूरी तरह स्वस्थ हो सकें, इसकी तैयारी गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा की जा रही है। ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा को इसका प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने सेंटर का निरीक्षण करने के बाद आधुनिक मशीनों की व्यवस्था करने एवं आने वाले पेशेंट को बेहतर सुविधा देने की तैयारी को लेकर चर्चा की। इसके लिए छत्तीसगढ़ के बाहर दूसरे शहरों के फिजियोथैरेपी सेंटर में किस तरह की मशीनें हैं।

### डॉक्टर्स से की चर्चा अब दूसरे सेंटर देखेंगे

फिजियोथैरेपी सेंटर के डॉक्टर्स से चर्चा के बाद नए उपकरण और पहले से बेहतर सेवा देने के लिए सेंटर प्रभारी ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में लंबे समय से गायत्री परिवार के सप्त सूत्रीय आंदोलन में से एक आंदोलन स्वास्थ्य का है। इस क्षेत्र में गायत्री परिवार ट्रस्ट कैसे बेहतर ढंग से काम करे, इसकी जिम्मेदारी का निर्वहन गायत्री शक्तिपीठ में किया जा रहा है। फिजियोथैरेपी के लिए मशीनों की उपलब्धता बेहतर हो सके, इसके लिए दूसरी संस्थाओं के द्वारा किस तरह का इंतजाम किया गया है, यह जानने के लिए मरीजों की बेहतरी के लिए प्रयास करने की जानकारी उन्होंने दी। इसका उद्देश्य आने वाले मरीजों को बेहतर सेवा से संतुष्टि देना है।

इनवॉयरमेंट फ्रेंडली एवं थीम बेस्ड गणेश प्रतिमाएं घर-दफ्तर के लिए कर रहे तैयार

# गणेश चतुर्थी पर मंगलमूर्ति को घर-ऑफिस और दुकान में विराजित करने उत्साह, मूर्तिकारों को मिल रहे दोगुने ऑर्डर

शहर के मूर्तिकला केंद्रों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं तैयार करने में कारीगर जुटे हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं श्रद्धा के अनुरूप प्रतिमाएं तैयार कराने मूर्तिकारों ने महीनेभर पहले से श्रद्धालुओं ने ऑर्डर बुक करा दिए हैं। बप्पा के श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं के निर्माण व विसर्जन को लेकर लगातार जगरूकता दिखा रहे हैं।



**रायपुर।** मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार श्रद्धालु ऑर्डर के साथ-साथ मूर्तियों में पेड़-पौधों को बीच में मिक्स्ड करा रहे हैं। ताकि प्रतिमाएं विसर्जित होने के बाद मिट्टी के साथ पेड़-पौधों के बीज नदी किनारे या दूसरी जगहों पर प्रवाहित होकर पहुंचे तो उग सके। वहीं मूर्तिकारों को गणेश प्रतिमाएं बिलकुल ही नेचरल कलर व सजावटी सामग्री का उपयोग करने की बात कर ऑर्डर दे रहे हैं।





शहर के मूर्तिकारों से गणेश प्रतिमाओं को लेकर इस साल किस तरह के भक्तों में उत्साह, ऑर्डर मिल रहे हैं, किस साइज की प्रतिमाएं अधिक बन रही हैं। इन सब को लेकर जानकारी ली गई। पिछले साल नगर निगम के महादेवघाट विसर्जन कुंड में 5 हजार तो सिर्फ छोटी प्रतिमाएं विसर्जित की गई थीं। मूर्तिकारों का कहना है कि इस साल शहर में गणेश प्रतिमाओं के निर्माण के लिए दोगुने ऑर्डर मिले हैं। इसके अनुसार छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मिलाकर 10 हजार के पार गणेश प्रतिमाएं विराजित होने की संभावना है।

### भोलेनाथ, श्रीकृष्ण स्वरूप में मनमोहक प्रतिमाएं

महादेवघाट स्थित गणेश प्रतिमा के मूर्तिकार मोहन चक्रधारी का कहना है कि हर बरस गणेश प्रतिमाओं के थोक में ऑर्डर मिलते रहे हैं। इस बार भी छोटी-बड़ी साइज की प्रतिमाएं ऑर्डर के मुताबिक बनाईजा रही हैं। भोलेशंकर, श्रीकृष्ण के रूप में भक्तों के मन मंदिर में बसी छवि को विविध स्वरूप में सजाकर प्रतिमाएं निर्मित की जा रही हैं। पिछले साल 400 के करीब सभी साइज मिलाकर गणेश प्रतिमाएं बनाई थीं। इस साल 800 प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। इसमें 500 प्रतिमाएं 3 से 6 फीट साइज की हैं। वहीं 300 प्रतिमाएं 8 से 15 फीट साइज की हैं।

### छोटी मूर्तियों के ऑर्डर दोगुने

माना के प्रसिद्ध मूर्तिकार मिथुन विश्वास का कहना है कि विविध थीम व साइज 3 फीट, 6 फीट, 8 और 15 फीट के मुताबिक मिले ऑर्डर पर गणेश प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। केवल युवाओं में ही नहीं, बल्कि ऑफिस, घर, शॉप में गणेश प्रतिमाएं विराजित करने का ट्रेंड पहले से अधिक हो गया है। 100 नग बड़ी मूर्तियां व 200 नग छोटे साइज की मूर्तियां ऑर्डर पर मूर्तिकला केंद्र में तैयार हो रही हैं। ऑर्डर समय पर पूरा करने सहयोगी मूर्तिकारों का सहयोग ले रहे हैं। मूर्तिकार ने बताया कि हमारे यहां छोटी गणेश प्रतिमाएं 1100 रुपए से शुरू हैं। वहीं 1 लाख रुपए कीमत तक की बड़ी मूर्तियां भी तैयार की जा रही हैं। हर साल की तरह इस साल भी बड़ी गणेश प्रतिमाओं की तुलना में छोटी प्रतिमाओं की संख्या दोगुनी है।

### गणेश प्रतिमाओं की डिमांड हर साल बढ़ रही

कालीबाड़ी के मूर्तिकार राकेश पुजारी के मुताबिक, हर साल गणेश प्रतिमाओं के लिए ऑर्डर की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष 20 बड़ी मूर्तियों के ऑर्डर मिले थे। इस साल यह संख्या बढ़कर 40 हो गई है। वहीं छोटी मूर्तियां भी इस बार दोगुनी संख्या में बनाई जा रही हैं। बड़ी मूर्तियों की तुलना में 3 फीट साइज की छोटी गणेश मूर्तियां अधिक डिमांड में रहती हैं। इसके ऑर्डर बुकिंग पहले से मिलने लगते हैं। इस बार 100 से अधिक छोटी मूर्तियों के ऑर्डर मिले हैं। ये छोटे आकार की गणेश मूर्तियां खासकर घरों और दफ्तरों में विराजित की जाती हैं। कॉलोनियों, चौक-चौराहों पर 6 फीट से 15 फीट साइज तक की गणेश प्रतिमाएं विराजित की जाती रही हैं। दुर्ग से नदी किनारे की लाई गई शुद्ध मिट्टी व पैरे के उपयोग से मूर्तियों का ढांचा बनाया जा रहा है। निश्चित तौर पर राजधानी में हर साल गणेश चतुर्थी पर दिव्य प्रतिमाओं के ऑर्डर में बढ़ोतरी हो रही है। छोटी मूर्तियां 1500 रुपए से शुरू हैं, वहीं बड़ी मूर्तियों की शुरुआती कीमत 10 हजार रुपए है।

सिटी लाइव

## डिजिटल फ्रॉड और साइबर क्राइम से बचते रहें अवेयर



**रायपुर।** यंग इंडियन्स चैप्टर द्वारा लर्निंग वर्टिकल अंतर्गत वाईआई सदस्यों के अभिभावकों के लिए व्हाट्सएप सुरक्षा और डिजिटल धोखाधड़ी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग थे। उन्होंने साइबर अपराधों से जुड़े कई वास्तविक उदाहरण साझा किए। इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सजगता, जागरूकता और समय पर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, संकल्प राय विशेष अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

### डिजिटल अरेस्ट जैसे घोटालों के बारे में दी जानकारी

कार्यशाला का संचालन सोशल पाठशाला मुंबई संस्थापक महीमा भालोटिया ने किया। उन्होंने रोल-प्ले, व्हाट्सएप सुरक्षा पर हैंड्स-ऑन कार्यशाला और सूचनात्मक वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों को कूरियर फ्रॉड, फिशिंग स्कैम, यूपीआई धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट जैसे घोटालों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संचार साथी पोर्टल और 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने की सिफारिश की। कार्यक्रम के दौरान रनथॉन पॉवरड बाई महावीर ग्रुप नामक शहरव्यापी रनिंग इवेंट का भी शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना रहा।

श्री विमलनाथ जैन मंदिर में चातुर्मास प्रवचन प्रारंभ

## वैराग्य के बिना नहीं खुलता मोक्ष का द्वार ग्रह भी परमात्मा के समीप छोड़ते हैं देह

**रायपुर।** भैरव सोसायटी स्थित श्री विमलनाथ जैन मंदिर में चातुर्मास का प्रवचन प्रारंभ हो चुका है। मंगलवार को उग्र तपस्वी मुनिराज श्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने बताया कि वैराग्य के बिना मोक्ष का मार्ग संभव नहीं। सूर्य और चंद्रमा जैसे तेजस्वी ग्रह भी जब परमात्मा के समीप आते हैं, तो वे अपने शरीर को वहीं छोड़कर आते हैं, क्योंकि उस दिव्य उपस्थिति में केवल आत्मा का अस्तित्व रह जाता है। अब तक 108 आत्माओं ने मोक्ष की सिद्धि प्राप्त की है।

वर्तमान युगलिक काल में मृत्यु के उपरांत जीव देवलोक की बजाय अन्य गमन मार्ग से गुजरते हैं, यह भी बताया गया। धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करने के लिए आज के दिन ज्ञान की पांच पूजा का विशेष लाभ हेतु लाभार्थी बने के लिए शुभ अवसर श्रावक को को प्राप्त होगा। प्रवचन में समाज के अनुयायियों से कहा अपने बच्चों को धर्म, शास्त्र और संस्कृति का ज्ञान दिलाने हेतु अध्ययनार्थ भेजें, ताकि भावी पीढ़ी भी जिनशासन से जुड़ी रहे।" प्रवचन के दौरान अरविंद गोलछा, प्रकाश पारख, दिलीप लुंकड़, भारत जैन, मूलचंद लुंकड़ समेत अन्य उपस्थित रहे।



### प्रतिदिन होगा महाभिषेक

*महा अभिषेक पूजन प्रातः 6 से 6:20 बजे तक परमात्मा का उत्कृष्ट द्रव्यों द्वारा महाभिषेक सम्पन्न होगा, जो दिव्य भावों से ओतप्रोत रहा। यह पूजन 9 जून से प्रारंभ होकर पूरे चातुर्मास के दौरान विमलनाथ मंदिर में प्रतिदिन किया जाएगा। जो श्रावक व श्राविका तथा बच्चों के द्वारा प्रतिदिन पूजन किया जाएगा उन्हें टोकन दिया जाएगा तथा चातुर्मास के पश्चात तीन भाग्यशालियों को कूपन के आधार पर विशेष रूप से पुरस्कृत सम्मानित किया जाएगा।*

### खुद को तकलीफों में तपाकर तैयार कर लें

*अच्छा योद्धा खुद को युद्ध से पहले तैयार कर लेता है, सिर्फ इसलिए ताकि कल जब परीक्षा की घड़ी आए, तो उसकी तैयारी पूरी रहे। इसी तरह हमें खुद को हमेशा चुनौतियों के लिए तैयार रखना चाहिए। क्या पता आज जो सुविधाएं मिल रहीं हैं, वो आगे चलकर न मिलें। बाद में दुख पाने से अच्छा है कि पहले ही खुद को तकलीफों में तपाकर तैयार कर लें। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में श्रावक जीवन के कर्तव्यों पर विशेष प्रवचन देते हुए उपाध्याय प्रवर मनीष सागर म.सा. ने ये बातें कही। उन्होंने कहा, इस जीवन के पहले भी अंधेरा था। बाद में भी अंधेरा है। कर्म ग्रंथ कहते हैं कि मनुष्य मरकर दोबारा मनुष्य या देव बने, इसकी पॉसिबिलिटी कम है। हमारा पुण्य टेंप्ररी है। इसका सही उपयोग करें। ये जीवन जाने वाला है। आगे नहीं मिलेगा। अगर सुविधाओं में जीने की आसक्ति हो गई, तो आगे क्या करेंगे? बिना सुविधाओं के जीने का अभ्यास कर लीजिए।*

## वाणी और व्यवहार में दिखती है परवरिश संस्कारों की झलक

**रायपुर।** श्री राधा सखी परिवार एवं वीआईपी क्लब द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन में भक्तिभाव से कथा सुनाई। कथावाचक पुनीत कृष्ण चंद्रवंशी ने प्रभु श्रीराम के जन्म से बाल्यकाल तक की कथा और प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। कथा में उन्होंने भक्ति भाव से कहा हमें किसी भी मनुष्य का अपमान नहीं करना चाहिए। हमारी वाणी व व्यवहार ही परिवार के परवारिश को दर्शाता है और संस्कार झलकते हैं। कथावाचक पुनीत महाराज ने बताया कि क्रोध और अहंकार से व्यक्ति नीचे गिरता है, जबकि संयम और विनम्रता से ही भक्त भक्ति से जुड़ते हैं। इस कथा में विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में पंहुचे और कथा का आनंद लिए। उन्होंने कथा के समय कहा कि बच्चों को मोबाइल की आदत न होने दें। इससे उनके संस्कार और ध्यान पर बुरा असर पड़ता है। बच्चों पर माताएं ध्यान दें और उन्हें अच्छे संस्कार व बातें बताएं।



## हिंदी ओलंपियाड में 208 बच्चों ने लिया हिस्सा बताया- हिंदी साहित्य पढ़ने से दूर होता है अवसाद



**रायपुर।** केन्द्रीय विद्यालय में हिन्दी ओलंपियाड का आयोजन किया गया था। जिसमें स्कूल के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और 42 मैडल जीते। जिसमें आराध्य एस उपाध्याय, मानसी यादव और काव्या वर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में हिन्दी ओलंपियाड में 208 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 42 बच्चों ने मेडल और सर्टिफिकेट प्राप्त किए। प्राथमिक विभाग के 28 और माध्यमिक विभाग के 14 बच्चों ने पुरस्कार और पदक प्राप्त किए। आराध्य एस उपाध्याय, मानसी यादव और काव्या वर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

### प्राचार्य ने विजेता बच्चों को किया प्रोत्साहित, सभी एक-दूसरे से लें प्रेरणा

*केंद्रीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी ओलंपियाड में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मैडल सौंपे गए। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने सभी विजेता छात्रों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य का अध्ययन करने से आनंद मिलता है। भाषा कोई भी हो ज्ञान का माध्यम है। हिंदी साहित्य भी समृद्ध है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने बच्चों को प्रोत्सहित किया और कहा कि मेहनत की स्याही से जो लिखते हैं अपने इरादों को, उनके मुकद्दर में कभी खाली पन्ने नहीं होते। जिंदगी प्रगति का नाम है और हम सभी को एक दूसरे से प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हिंदी ओलंपियाड सतीश धीवर के नेतृत्व में यह आयोजन आयोजित किया गया था। पुरुषोत्तम साहू एवं डॉ. अजय आर्य ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर हिंदी ओलंपियाड द्वारा प्राचार्य उमाशंकर मिश्र को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने अपना स्मृति चिन्ह हिंदी विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका नीता दास को दिया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के शिक्षक सतीश धीवर, टकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू, डॉ राखी श्रीवास्तव, डॉ. अजय आर्य उपस्थित रहे।*

### इन छात्रों को मिला मेडल और प्रमाण पत्र

*आराध्य एस उपाध्याय, मानसी यादव और काव्या वर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। नवनीत सिंह, अदित्री अवस्थी, भूविका दीनानी, श्रीयश श्रीवास्तव, योशिता साहू और हर्ष पटेल ने द्वितीय स्थान अर्जित कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। भूमि निर्मलकर, साक्षी पांडेय, अथर्व अवधूत, छविलता साहू और प्रथमेश पटले ने तृतीय स्थान अर्जित कर कांस्य पदक प्राप्त किया। हिन्दी ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों की उत्साहजनक संख्या को देखते हुए विद्यालय को भी सम्मान चिन्ह प्राप्त हुआ जो प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने ग्रहण किया।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### पैराकेनो की वर्कशॉप आज से राज्य में पहली बार प्रशिक्षण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड केनोईंग एसोसिएशन के द्वारा 09 व 10 जुलाई को पैराकेनो की वर्कशॉप राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इसमें राज्य के पैराकैनो के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने कई शीर्षस्थ खिलाड़ी आ रहे हैं। इनमें 2025 एशियन पैराकैनो चैम्पियनशिप पटाया थाईलैंड में तीन स्वर्ण पदक, व एक रजत पदक हासिल करने वाली भारतीय कायाकिंग एंड केनोइंग एसोसिएशन की ओलम्पियन खिलाड़ी अर्जुन अवार्डी प्राची यादव, एशियाई पैरा गेम्स 2023 में कांस्य पदक जीतकर पुरुष वर्ग में भारत को पदक दिलाने वाले भारतीय कायाकिंग एंड केनोइंग एसोसिएशन के पैरा खिलाड़ी मनीश कौरव के साथ पैरा केनो कोच विपिन जी मौजूद रहेंगे। पैराकैनो कई प्रकार की शारीरिक अक्षमताओं (विकलांग ) वाले एथलीटों के लिए कैनोइंग है। खेल का पैरालिंपिक संस्करण अंतर्राष्ट्रीय कैनो फेडरेशन (आईसीएफ), के द्वारा संचालित किया जाता है जिसे भारत में आईकेसीए के द्वारा संचालित किया जाता है। उक्त खेल की शुरुवात अब छत्तीसगढ़ में की जा रही है।

### अंडर-19 में धनंजय का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा मेंस अंडर 19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। 07 - 08 जुलाई को छत्तीसगढ़ का तीसरा मैच बंगाल के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। बंगाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 70.2 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 173 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 44 रन, गुणवंत अवस्थी ने 33 रन तथा वेदांश खेड़िया ने 29 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी खेलने में नाकाम रहे। बंगाल की ओर से अर्जुन ने 4 विकेट तथा वीराट ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बंगाल ने 17 ओवरों में 2 विकेट खोकर 61 रन बना लिये हैं। बंगाल की ओर से जगमोहन गुप्ता ने नाबाद 26 रन तथा सायन पॉल ने नाबाद 17 रनों का योगदान दिया छत्तीसगढ़ अंडर 19 की ओर रुद्र प्रताप तथा दिवाकर ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। बंगाल को मैच जीतने हेतु 113 रनों की आवश्यकता है।

### शालेय टेटे में बच्चों ने दिखाया दम



**भिलाई।** दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की ओर से दुर्ग जिला शालेय टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में अंडर-14, 17 और 19 वर्गों में आयोजित की गई। अंडर-14 के परिणाम तोमेश साहू ने ऋतुराज को 2-0 से ईशान टांडी ने गौरव दास को, 2-0 से आयुष नाग ने अनुराग सेलकर 2-0 को और तोमेश साहू ने अनुराग शेलकर को 2-0 से पराजित किया। अंडर 17 में योगराज देवांगन ने आदित्य प्रसाद को 2-0 से, अरमान सोनवानी ने ऋषभ चंद्राकर को 2-0 से, वैभव साहू ने अरमान सोनवानी को 2-1 से और भुनेश्वर साहू ने वैभव साहू को 20 से पराजित किया। अंडर-19 में ड्रोण कुमार ने राजू कुमार सिंह को 2-0 से, साहिल जांगड़े ने ड्रोण कुमार को 2-0 से और ड्रोण कुमार ने सागर सोनकर को 2-1 से पराजित किया इन मैचो के पश्चात अंडर-14 में आयुष नाग, इशांत तांडी, तोमेश साहू अनुराग सेलकर गौरव दास, अंडर 17 रितेश निषाद, भुनेश्वर साहू, वैभव साहू अरमान सोनवानी एवं ऋषभ चंद्राकर,मंगेश सेन, साहिल जांगड़े ड्रोण कुमार, सागर सोनकर एवं कुबेर साहू विजेता रहे। इस चयन स्पर्धा की अंपायर सूची कुमारी, सुशील कुमार मिश्रा एवं मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय अंपायर विनोद देवघरे थे। इस चयन स्पर्धा के अवसर पर सुनील कुमार डड़सेना, रंजीता दास.राखी बाजपेयी, शकीला देवदास एवं गीतांजलि पाठक सहित स्कूलों के व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय भारोत्तोलन 13 को

**रायपुर।** प्रदेश स्तरीय तीसरे अस्मिता खेलो इंडिया लीग सब- जूनियर,( बालिका ), जूनियर सीनियर ( महिला) भारोत्तोलन प्रतियोगिता 13 जुलाई को मिडिल स्कूल महुदा झीट पाटन में आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता 8 समूहों में होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के 125 बालिका/ महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन की टीम का चयन किया जाएगा जो सितम्बर माह में हावड़ा में प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे होगा।

## पोर्शन कण्ट्रोल का चलन अपनाने में बुराई नहीं, लेकिन एहतियात बरतें

# हेल्दी लाइफ के लिए पोर्शन कंट्रोल का मतलब नहीं है भूखे रहना, कुछ टिप्स अपनाकर रहिए संतुष्ट

अक्सर यह देखने में आता है कि लोग पोर्शन कंट्रोल करने के चक्कर में अक्सर भूखे रह जाते हैं। जबकि अगर आप चाहें तो कुछ टिप्स अपनाकर पोर्शन कंट्रोल करते हुए भी भरपेट खा सकते हैं।

अक्सर यह देखने में आता है कि लोग जब भी हेल्दी लाइफ की तरफ बढ़ते हैं तो ऐसे में सबसे पहले पोर्शन कण्ट्रोल करना शुरू करते हैं। वे अपने हर निवाले को गिनना शुरू कर देते हैं और अपनी थाली में से खाना कम कर देते हैं। लेकिन इससे कहीं ना कहीं उन्हें पूरा दिन भूखे होने का अहसास होता है। साथ ही साथ, पेट भरे ना होने की वजह से उनका मूड ऑफ रहता है, शरीर में एनर्जी महसूस नहीं होती। यहां तक कि उन्हें तरह-तरह की फूड क्रेविंग भी होती है।

अमूमन लोगों का मानना होता है कि पोर्शन कंट्रोल का मतलब भूखा रहना या अपने फेवरेट खाने को छोड़ना होता है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है, बल्कि इसका मतलब है कि आप बस थोड़ा समझदारी से खाना खाएं। आपको इस तरह से खाना सीखना चाहिए, जिससे आपका पेट भी भरा रहे, मन भी खुश रहे और हेल्थ गोल्स पर भी नेगेटिव असर ना पड़े। अगर आप भी अच्छा खाना चाहते है और उसका पेट भरकर आनंद लेना चाहते हैं तो कुछ टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रही हैं, जिन्हें फॉलो करके आप पोर्शन कंट्रोल करते हुए भरपेट खाना खा सकते हैं-



### सबसे पहले सब्जियां खाएं

जब भी आप अपना खाना खाते हैं तो इस बात का खास ध्यान रखें कि सबसे पहले हमेशा सब्जियां या सलाद खाएं। दरअसल, सब्जियों में कम कैलोरी होती हैं, लेकिन फाइबर व विटामिन रिच होने की वजह से वह आपका पेट भर देती हैं। इससे आप खुद ब खुद कम खाते हैं, लेकिन आपको भूखे होने का अहसास नहीं होता है।पोर्शन कंट्रोल करने का यह एक बेहद ही प्रभावी तरीका है, जो आपको भूखा नहीं रहने देता।

### हर मील में थोड़ा प्रोटीन ज़रूर लें



प्रोटीन सिर्फ आपकी मसल्स के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि यह आपके पेट को लंबे समय तक भरे होने का अहसास भी करवाता है। दरअसल, प्रोटीन को पचाने में टाइम लगता है, जिससे आपको जल्द भूख नहीं लगती। साथ ही साथ, इस तरहपोर्शन कंट्रोल करते हुए आपको खुद को भूखा रखने की जरूरत नहीं होती। हमेशा अपनी डाइट में पनीर, अंडा, दाल, दही, टोफू या चिकन आदि को जरूर शामिल करना चाहिए।

कई बार यह देखने में आता है कि लोग जब भूखे होते हैं तो ऐसे में एकदम बहुत ज्यादा खा लेते हैं और पोर्शन कंट्रोलकरने के चक्कर में उन्हें भूखा रहना पड़ता है। लेकिन क्या आपको पता है कि लोग कई बार प्यास को भूख समझ लेते हैं। इसलिए, खाने से पहले पानी पीने की आदत डालें। एक गिलास पानी पेट में जगह भर देता है, जिससे आपपोर्शन कंट्रोल करते हुए भी पेट भरे होने का अहसास करेंगे।

### मील टाइम करें फिक्स

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपके बेहद काम आ सकता है। कई बारपोर्शन कंट्रोल करने के लिए लोग मील स्किप करना शुरू कर देते हैं। लेकिन इससे ना केवल बाद में बहुत तेज भूख लगती है, बल्कि मेटाबॉलिज्म भी स्लो होता है। वहीं, तय समय पर खाना खाने से हंगर हार्मोन को रेगुलेट करने में मदद मिलती है। आपको यह समझ आने लगता है कि आपको कब वास्तव में खाना चाहिए और कब आप सिर्फ बोर होने पर कुछ खाना चाहते हैं। इस तरह आपको बेवजह भूखा नहीं रहना पड़ता।



## नहीं होंगे ड्राई फ्रूट्स खराब, जानें लंबे समय तक स्टोर करने के स्मार्ट तरीके



ड्राई फ्रूट्स काफी महंगे होते हैं और इन्हें स्टोर करने के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना पड़ता है ताकि ये खराब न हों। ड्राई फ्रूट्स को स्टोर करने के लिए आपको कुछ स्मार्ट टिप्स जानना चाहिए, जिन्हें अपनाकर आप ड्राई फ्रूट्स को लंबे समय तक फ्रेश रख सकती हैं।

### एयरटाइट कंटेनर या बैग्स में करें स्टोर

ड्राई फ्रूट्स के खराब होने की सबसे बड़ी वजह से हवा और नमी है, जिनके संपर्क में आने से ये जल्दी खराब हो सकते हैं। इसलिए, आप कांच या अच्छी क्वालिटी वाले एयरटाइट कंटेनर या बैग्स में स्टोर करें, ताकि ये खराब न हो

### फ्रिज या फ्रिजर में करें स्टोर

ड्राई फ्रूट्स को लंबे समय तक खराब होने से बचाने और फ्रेश रखने के लिए आप इन्हें फ्रिज में स्टोर कर सकती हैं। फ्रिज में रखने से ये बासी नहीं होते हैं और इनकी शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। ड्राई फ्रूट्स को आप एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में स्टोर कर सकती हैं या जिपलॉक बैग में भी आप इन्हें स्टोर कर सकती हैं। अगर आप सालों तक इन्हें स्टोर करना चाहती है, तो आप इन्हें फ्रीजर में रख सकती हैं। इन्हें एयरटाइट बैग्स या कंटेनर में रख लें और इस बात का खास ध्यान रखें कि ये अच्छी तरह से सील ही गए हों, ताकि नमी पैदा न हो।

### ठंडी और सूखी जगह में करें स्टोर

ड्राई फ्रूट्स लंबे समय तक चले, इसके लिए आप इन्हें धूप और गर्मी दोनों से बचाना जरूरी है। इसलिए, इन्हें किसी ऐसी जगह रखें जहां पर धूप न पड़ती हो और गर्मी से भी दूर रखें ताकि इसकी वजह से ये खराब न हो।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

ड्राई फ्रूट्स को आप अलग-अलग स्टोर करें। हर बार सूखे हाथों से ड्राई फ्रूट्स को निकालें। ड्राई फ्रूट्स निकलने के बाद डिब्बे को अच्छी तरह से बंद करें। जरूरत के अनुसार आप इन्हें छोटे बैच में खरीदें।

## चातुर्मास में मांगलिक कार्य करने पर जरूर जानें ज्योतिष की राय



आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के साथ चातुर्मास का आरंभ हो चुका है। इस दौरान व्रत और पूजा-पाठ करने से व्यक्ति का भाग्योदय हो सकता है और व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर हो सकती है। चातुर्मास उस माह को कहा जाता है, जिसमें 4 महीनों के लिए सभी शुभ कामों पर रोक लगा दी जाती है। इस दौरान यहां तक की नए कपड़े खरीदने की भी मनाही होती है। अब ऐसे में सवाल है कि चातुर्मास में मांगलिक कार्य क्यों नहीं किए जाते हैं। इसका क्या कारण है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी विस्तार से बता रहे हैं।

### चातुर्मास में मांगलिक कार्य क्यों है वर्जित?

चातुर्मास का समय बेहद पवित्र माना जाता है। यह चार महीनों की अवधि होती है जो देवशयनी एकादशी से शुरू होकर देवउठनी एकादशी तक चलती है। इस समय में देवी-देवताओं का आशीर्वाद पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो पाता, जिससे मांगलिक कार्यों में विघ्न आने की आशंका रहती है। चातुर्मास में जहां भगवान विष्णु शयन करते हैं, वहीं भगवान शिव और माता पार्वती सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं। इस दौरान भगवान शिव का विशेष पूजन किया जाता है।

### चातुर्मास में ग्रहों की शुभता हो जाती है कम

भगवान विष्णु को ग्रहों का अधिपति माना गया है। जब वे विश्राम करते हैं, तो ग्रहों की सकारात्मक ऊर्जा कम हो जाती है। यही कारण है कि इस दौरान कोई भी नया मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, या बड़े निवेश की शुरुआत करना शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए इस दौरान ग्रहों की अशुभ स्थिति होती है। इसलिए इस दौरान सभी मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं।



## फिटनेस से स्किन केयर तक बढ़ती उम्र में बेस्ट रहेंगे ये मॉर्निंग रूटीन

क्या आपकी उम्र 30 होने जा रही है? अगर हां, तो अभी से ही सेहत का ख्याल रखना शुरू कर दीजिए। आपको कुछ ऐसे मॉर्निंग रूटीन के बारे में जानना चाहिए, जिससे आपको लंबे वक्त तक जवां रहने में मदद मिलेगी।

जैसे जैसे उम्र बढती है, वैसे वैसे हेल्थ डाउन होने लगता है। खासकर महिलाओं के साथ ऐसा होना आम है।जैसे ही आप 30 की उम्र पार करती हैं आपको अपने शरीर और सेहत पर थोड़ा और ध्यान देना चाहिए। इस उम्र में हार्मोनल बदलाव , मेटाबॉलिज्म का धीमा होना, स्किन और बालों से जुड़ी समस्याएं आम हो जाती हैं। अगर आप भी 30 पार करने वाली हैं, तो आपको एक्सपर्ट के बताए कुछ खास मॉर्निंग रूटीन पर अमल करना चाहिए, जिससे आपको फायदा होगा। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट आइना सिंघल ने जानकारी साझा की है।

### 30+ महिलाएं इन्हें अपनाएं




**सौंफ की चाय :** सुबह सवेरे आपको सौंफ की चाय पीनी चाहिए। इससे हार्मोन बैलेंस रहता है। एसिडिटी और ब्लोटिंग से राहत मिलती है। मेटाबॉलिज्म तेज होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है।

**सब्जा सीड्स और कलौंजी :** एक चम्मच सब्जा सीड को कलौंजी के साथ मिलकर रात भर भिगो कर रख दें। सुबह इसको छान कर पिएं। इससे शरीर को ठंडक मिलती है। एसिडिटी शांत होता है और भूख कंट्रोल होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

**अंजीर और मुनक्का:** रात में दो अंजीर और चार मुनक्का पानी में भिगो दें। सुबह सबसे पहले इसका सेवन करें। इसे कब्ज से राहत मिलती है। शरीर में आयरन और ऊर्जा बढ़ता है। हार्मोन बैलेंस को सपोर्ट करता है।

**सोक्ड बादाम:** रात में काम से कम 5 या 6 बादाम को पानी में भिगो दें। सुबह उठकर छिलका हटाकर बादाम का सेवन करें। इससे पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है। याददाशत तेज होता है। स्किन और बालों को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है।

**उठो और फुर्ती पाओ :** हर सुबह एक ही समय पर दिन की शुरुआत करना आपके समग्र स्वास्थ्य और उत्पादकता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। सुबह 5:30 या 6:00 बजे के आसपास जल्दी उठने का लक्ष्य रखें, ताकि खुद को आने वाले दिन के लिए तैयार होने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। लगातार जागने का समय आपकी आंतरिक घड़ी को नियंत्रित करता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है। एक नियमित जागने का समय आपके जीवन में अनुशासन और संरचना की भावना भी पैदा करता है। जब आप हर दिन एक ही समय पर उठते हैं, तो आपका शरीर दिनचर्या का आदी हो जाता है, जिससे बिना सुस्ती या जल्दबाजी महसूस किए अपना दिन शुरू करना आसान हो जाता है। यह निरंतरता एक सकारात्मक मानसिकता स्थापित करने में मदद करती है।














## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दलाई लामा से मिलने पहुंचे रिचर्ड गेरे, आशीर्वाद पाकर हुए भावुक

इन दिनों हॉलीवुड एक्टर और बौद्ध धर्म को मानने वाले रिचर्ड गेरे भारत में हैं।



वह धर्मशाला में चल रहे तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 90वां जन्मदिन समारोह में शामिल हुए। इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। एएनआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं। फिर रिचर्ड गेरे, दलाई लामा के पीछे रखी सीट पर जाकर बैठे जाते हैं। आगे रिचर्ड दलाई लामा के जन्मदिन समारोह को देखने लगते हैं। 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिन समारोह में रिचर्ड गेरे अपनी मन की भावनाएं भी साझा की हैं। वह कहते हैं, 'हमने उनके जैसा कोई इंसान नहीं देखा, वे पूरी तरह से प्रेम और ज्ञान के प्रतीक हैं। दलाई लामा संस्था को जारी रखने की घोषणा के बाद एक धार्मिक सम्मेलन में कई लामाओं ने कहा है कि दलाई लामा अब सिर्फ तिब्बत के नहीं हैं बल्कि विश्व और ब्रह्मांड के हैं। उनकी पवित्रता समय और स्थान की किसी भी सोच से परे है।'

रिचर्ड गेरे नियमित तौर पर धर्मशाला आते हैं। वह तिब्बती लोगों के मानवाधिकारों के पक्षधर हैं। वह निर्वासित तिब्बती सरकार को समर्थन देते हैं। इंटरनेशनल लेवल पर इस मुद्दे को उठाते हैं।

### टॉलीवुड

## प्रभास की स्पिरिट को लेकर नया अपडेट आया, शामिल होंगे कोरियन अभिनेता

प्रभास के फैंस उनकी नई फिल्म स्पिरिट को लेकर बेहद उत्साहित हैं।



यह फिल्म प्रभास और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा का एक बड़ा सहयोग है। इस फिल्म में कोरियन अभिनेता के शामिल होने की चर्चा है।

फिल्म स्पिरिट का प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। फिल्म की शूटिंग सितंबर में शूटिंग शुरू हो सकती है। चर्चा है कि साउथ कोरियाई स्टार मा डोंग-सोक (डॉन ली) फिल्म में विलेन की भूमिका निभा सकते हैं।

हाल ही में अभिनेता तरुण और श्रीकांत मेका की डॉन ली के साथ तस्वीरों ने इन अटकलों को और हवा दी है। इन तस्वीरों ने फैंस में उत्सुकता बढ़ा दी है और वे यह जानने को बेताब हैं कि पर्दे के पीछे क्या चल रहा है। जल्द ही कलाकारों की आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है।

निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म स्पिरिट की स्क्रिप्ट को बेहतर बनाने और संगीत पर काम कर रहे हैं। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका में दीपिका पादुकोण की जगह ली है। यह फिल्म टी-सीरीज और भद्रकाली पिक्चर्स के बैनर तले बड़े बजट में बन रही है। संगीतकार हर्षवर्धन रामेश्वर भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। स्पिरिट को भारत और विदेशों में रिलीज करने की तैयारी है।

स्पिरिट के अलावा प्रभास हॉरर फिल्म 'द राजा साब' में नजर आएंगे। द राजा साब मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इसे पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म में प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। प्रभास के अलावा फिल्म में संजय दत्त, निधि अग्रवाल और मालविका मोहनन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## पंजाबी सॉन्ग में दिखा भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह का स्वैग, 'पैग पग' में दिखाया जलवा

भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह का नया पंजाबी गाना 'पैग पग' रिलीज हो चुका है।



इस गाने में अक्षरा का स्वैग फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। अक्षरा के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं।

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपनी मेहनत और काबिलियत से बड़ा नाम कमाया है। उन्होंने भोजपुरी के साथ-साथ हिंदी और पंजाबी में भी अपनी पहचान बनाई है। अक्षरा का पंजाबी गाना पैग पग रिलीज हो चुका है। अक्षरा के इस गाने पर फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

अक्षरा ने अपने शानदार गानों और फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में उनका एक नया पंजाबी गाना ₹पैग पग₹ रिलीज हुआ है। इसमें उनका देसी अंदाज और स्टाइलिश लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। इस गाने में अक्षरा सिंह और रेहाना पंडित की जोड़ी कमाल की लग रही है। गाने को तुषार जुले ने गाया है। रिलीज होने के कुछ ही मिनटों में इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं।

अक्षरा सिंह ने आज इंस्टाग्राम पर अपने गाने पैग पग का वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'पेग पग का नया गाना अभी रिलीज़ हुआ है-देखिये और प्यार दीजिए।' इस गाने को देखने के बाद अक्षरा के फैंस जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अक्षरा के पैग पग गाने पर कई फैंस ने जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक फैन ने लिखा, 'बहुत बढ़िया वाह', एक और फैन ने लिखा, 'बिहारी पावर', एक और फैन ने लिखा, 'बॉलीवुड में अक्षरा वाह क्या बात है', एक और फैन ने लिखा, 'मेहनत से मेहनत कैसे हासिल करें ये आप से कोई सीखे अपने युवा वर्ग के लिए एक आदर्श हो', एक और फैन ने लिखा, 'आप का कोई जवाब नहीं।

## साइंस के लिए फैशन

लाइफ स्टाइल



मैसाचुसेट्स यूनिवर्सिटी यूएसए के मीडिया लैब में आयोजित रनवे प्रतियोगिता डेसाइंस फैशन शो में फैशन को लेकर एक अप्रत्याशित प्रेरणा दिखाई दी। आम मशहूर हस्तियों और समाजिक लोगों के बजाय, डिजाइनरों ने मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट, न्यूरो साइंटिस्ट, बायोमेडिकल इंजीनियरों, जलवायु विज्ञानियों और विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों से प्रेरणा ली। विज्ञान को समर्पित यह फैशन शो कुछ अलग हट कर था।

## मानसून में नहीं हो पा रहा है वैक्स तो राहत के लिए इन टिप्स की लें मदद

अगर आप भी वैक्स करने में प्रॉब्लम फेस कर रही है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप आसानी से वैक्स कर सकती हैं।

### वैक्स के पहले बॉडी पर लगाए पाउडर

बरसात के मौसम में वैक्स आसानी से नहीं हो पता है।ऐसे में अधिकतर महिलाएं परेशान हो जाती है, लेकिन अब आप वैक्स करने से पहले अपनी बॉडी को अच्छी तरह साबुन लगाकर पानी से धो लें, फिर शरीर को सूखा लें। जब आपके हाथ और पैर सुख जाए, तब आप पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। अच्छी तरह पाउडर लगाने के बाद अगर आप वैक्स करेंगी, तो शायद परेशानी कम हो सकती है।

### हेयर रिमूवल क्रीम का करें इस्तेमाल

अगर आप मानसून के महीने में वैक्स नहीं कर पा रही है और इससे आपके अनचाहे बाल नहीं निकल पा रहे हैं, तो अब आप हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का क्रीम आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। आप उसके पीछे लिखे इंस्ट्रक्शन को फॉलो कर क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप बिना किसी परेशानी के आसानी से अनचाहे बालों को रिमूव कर सकती हैं।



### ठंडी जगह का करें चयन

जब भी आप वैक्स करें, तो ध्यान रखें की पसीने की वजह से वैक्स करने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में वैक्स करने से पहले आप ठंडी जगह का चयन जरूर करें। आप अपने कमरे में ऐसी ऑन कर कमरे का टेंपरेचर ठंडा होने तक वेट कर सकती हैं। उसके बाद आप वैक्स करेंगी, तो आपको ज्यादा परेशानी नहीं होगी। बहुत ज्यादा उमस वाले दिन आप वैक्स करने से बचे। किसी भी चीज का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लड़कियों की स्किन पर इससे रिएक्शन हो सकता हैं।


## हर बॉडी टाइप के लिए परफेक्ट हैं सूट के नेकलाइन डिजाइंस



कुछ नेकलाइन डिजाइन ऐसे होते हैं जो कि हर तरह की पर्सनालिटी पर जंचते हैं, तो आपको सलवार-सूट की कुछ ऐसे ही नेकलाइन पर नजर डालनी चाहिए, जो कि हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। साथ ही, आपके ऊपर कौन-सा नेकलाइन डिजाइन बेस्ट रहेगा इसके बारे में भी बताएंगे।



### राउंड नेकलाइन डिजाइन





राउंड या गोल गले का आकार हमेशा से लड़कियों और महिलाओं की पसंद रहा है। यह डिजाइन काफी एलिगेंट लुक देता है। राउंड नेक डिजाइन देखने में भले ही सिंपल लगता है, लेकिन कैरी करने के बाद यह आपके लुक को ग्रेसफुल बना देता है। सूट के अलावा यह डिजाइन ब्लाउज में भी काफी पसंद किया जाता है। राउंड नेकलाइन ऑवरग्लास फिगर वाली लड़कियों पर काफी जंचती हैं। इस नेकलाइन पर आप चोकर नेकलेस पहनकर अपना लुक और भी ज्यादा इन्हेंस कर सकती हैं।

### वी नेकलाइन डिजाइन

यदि आपको अपना लुक स्टाइलिश बनाना है, तो आप वी नेकलाइन को अपने सूट में बनवा सकती हैं। वी नेकलाइन आपके लुक को क्लासी टच देता है। वी नेकलाइन एपल शेप बॉडी वाली लड़कियों और महिलाओं के लिए बेस्ट रहता है। इस बॉडी वाली लड़कियों के शोल्डर चौड़े होने की वजह से वी नेकलाइन काफी रिच लुक देता है। इनके संग आप पेंडेंट नेकपीस पहन सकती हैं।

### हाई नेकलाइन डिजाइन

अपने सलवार-सूट की नेकलाइन को लेकर आप कंफ्यूज हैं, तो हाई नेकलाइन बनवा सकती हैं। यह नेकलाइन डिजाइन काफी डिसेंट लुक देता है। इसको आप ऑफिस के अलावा ऑफिशियल मीटिंग में भी पहन सकती हैं। खासकर लड़कियों को हाई नेकलाइन डिजाइन काफी पसंद आता है। इस डिजाइन की खास बात यह होती है कि इसके संग आपको किसी भी तरह का नेकपीस पहनने की जरूरत नहीं होती है। आजकल मार्केट में हाई नेकलाइन वाली कुर्तियां काफी बिक रही हैं।हाईनेकलाइनपियर शेप बॉडी पर परफेक्ट लुक देता है।

## फटी एड़ियों के लिए सिर्फ ग्लिसरीन नहीं

बार-बार पैर पानी में पड़ने के कारण या हवा की नमी के कारण त्वचा बेजान हो जाती है। इसके कारण एड़ियां फटने लगती हैं। जरूरी नहीं कि एड़ी सिर्फ सर्दियों में फटने लगे, ये मानसून में भी फट सकती हैं। धूल-मिट्टी के कारण त्वचा का ड्राई होना आम बात है। हो सकता है कि आपको फटी एड़ियों से ज्यादा दिक्कत न हो, लेकिन एक समय बाद यह समस्या गंभीर हो सकती हैं।

बाजार में फटी एड़ियों को ठीक करने के दावे वाली कई क्रीम आपको मिल सकती हैं, लेकिन वो हर बार काम करें ऐसा जरूरी नहीं है। मेरे पास आपकी फटी एड़ियों के लिए एक कारगार उपाय है। जी हां, आप बस दो चीजों को मिलाकर अपने पैरों को कोमल बनाने में कामयाब हो सकती हैं। आपको बस ग्लिसरीन और वैक्स की जरूरत होगी। इन चीजों को मिलाकर लगाने से त्वचा मॉइश्चराइज होगी और फटी एड़ियों को आराम मिलेगा।

### क्या है फटी एड़ियों को ठीक करने का आसान से नुस्खा?

पैरों को सॉफ्ट बनाने के लिए जिस नुस्खे की मैं बात कर रही हूं, वो ग्लिसरीन और मोम का नुस्खा है। ये दोनों ही इंग्रीडिएंट्स अपने



मॉइश्चरजिंग गुणों के लिए जाने जाते हैं। जब इन्हें एक साथ मिलाया जाता है, तो ये रूखी त्वचा के लिए एक शक्तिशाली उपचार बन जाते हैं।

ग्लिसरीन एक हमक्टेंट है, यह नमी को त्वचा में सील कर देता है, जिससे त्वचा हाइड्रेटेड और मुलायम रहती है। दूसरी ओर, पैराफिन मोम त्वचा पर एक प्रोटेक्टिव लेयर बनाती है, जो नमी को बाहर निकलने से रोकती है और एड़ियों को मॉइश्चराइज करती है। इससे ड्राई त्वचा को गहराई से पोषण मिलता है। एड़ी की दरारें भरने लगती हैं और एड़ियां धीरे-धीरे कोमल हो जाती हैं। फटी एड़ियों के लिए ग्लिसरीन और मोम का उपयोग करने के कई तरीके हैं। आप इसे मिलाकर मास्क की तरह पैरों में लगा सकती हैं।

## किसी भी आउटफिट के साथ शामिल करें खास फुटवियर

अगर आप भी सावन के महीने में अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। सावन के महीने में अगर आप भी अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक पाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर न सिर्फ आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाएंगे, बल्कि आपको एलिगेंट टच देने में भी बहुत मदद करेंगे।

### कैजुअल स्लिप फुटवियर

कुछ दिनों में सावन का महीना शुरू होने वाला है और इस महीने में अधिकतर महिलाएं शिवालय जाकर भगवान शिव की पूजा आराधना करती हैं। अगर आप भी इस दौरान अपने लुक को डिफरेंट बनाना चाहती हैं, तो अपने एथनिक आउटफिट के साथ इस खूबसूरत कैजुअल स्लिप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। खास मौके पर पहनकर आप लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच सकती हैं।



### ग्रीन कैजुअल स्लीपर फुटवियर

अगर आप सावन के महीने में साड़ी पहनने वाली है, तो अपने साड़ी लुक को डिफरेंट और गॉर्जियस बनाने के लिए आप साड़ी के साथ इस खूबसूरत ग्रीन कैजुअल स्लीपर फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। यह आपके लुक को गॉर्जियस बनाने के साथ आपके पैरों की खूबसूरती में भी चार चांद लगा देंगे।

### ब्लू एथनिक स्लिप फुटवियर

सावन के महीने में अगर आप साड़ी, ट्रेडिशनल या एथनिक आउटफिट पहनने का सोच रही है, तो किसी भी आउटफिट के साथ आप इस खूबसूरत ब्लू एथनिक स्लिप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। ऐसे आउटफिट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

### बालों को लेकर भले ही समस्या एक सी हो, लेकिन उपाय होंगे अलग

## पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग हैं हेयर केयर, इसलिए देखभाल करने का अंदाज है जुदा

हम सभी जीवन भर यही सुनते हुए बड़े हुए हैं और कभी-कभी हमें एहसास होता है कि ये कितना सच है। पुरुषों और महिलाओं को अलग तरह से बनाया गया है और यह स्वाभाविक है कि हमारे सिस्टम भी अलग तरह से बनाए गए हैं। जबकि पुरुष और महिला दोनों अपने जीवन के किसी न किसी समय में बालों के झड़ने का अनुभव करते हैं, पुरुष महिलाओं की तुलना में कहीं पहले गंजे होने लगते हैं। यहां कुछ कारण बताए गए हैं कि पुरुषों और महिलाओं दोनों में ऐसा अलग-अलग क्यों होता है।

### जेनेटिक परिस्थितियों के कारण

एंड्रोजेनिक एलोपेशिया, जिसे पैटर्न बाल्डनेस भी कहा जाता है, पुरुषों में बालों के झड़ने का सबसे आम कारण है। 50 वर्ष से अधिक आयु के 50% से अधिक पुरुष एमपीबी या मेल पैटर्न बाल्डनेस से प्रभावित होते हैं, जबकि केवल 30% महिलाओं को इस समस्या का सामना करना पड़ता है, ज्यादातर जब वे अपने 70 की उम्र के दशक तक पहुंचती हैं। हालांकि, ये एक आनुवंशिक स्थिति है और इसे आसानी से उलटा नहीं जा सकता है।



### हार्मोन

जब हमारे बालों के स्वास्थ्य की बात आती है तो मेल हार्मोन, टेस्टोस्टेरोन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टेस्टोस्टेरोन में डायहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन या डीएचटी नामक एक बाय-प्रोडक्ट होता है जो महत्वपूर्ण है लेकिन ये बालों के रोम में रक्त की आपूर्ति को भी रोकता है। महिलाओं के विपरीत, पुरुष इस हार्मोन का उत्पादन अपनी पूरी जिंदगी करते रहते हैं।

महिलाओं को भी बालों की कई समस्याओं का अनुभव होता है जो पुरुषों से अलग होती हैं। महिलाओं में हेयर फॉल को बढ़ाने वाले कुछ फैक्टर्स में हार्मोनल परिवर्तन शामिल हैं, खासकर गर्भावस्था या रजोनिवृत्ति के दौरान, और तनाव भी एक बड़ा फैक्टर है।

हालांकि, पुरुषों में बालों के झड़ने की जटिलता महिलाओं की तुलना में बहुत अधिक होती है।पुरुषों और महिलाओं के लिए हेयर फॉलिकल डेंसिटी या एचएफडी अलग होती है। ये पुरुषों में काफी कम होती है। इसका मतलब है कि महिलाओं के स्कैल्प में बालों के रोम की संख्या प्रति सेंटीमीटर अधिक होती है जो बालों की हेल्दी ग्रोथ को स्टिम्युलेट करती है और बालों के झड़ने को रोकती है।यही कारण है कि पुरुषों के बाल झड़ते हैं, जबकि महिलाओं को पतले होने का अनुभव होता है।

समस्या चाहे कैसी भी हो, समाधान हमेशा होता है। तो, बालों के झड़ने को रोकने के लिए आप क्या कर सकते हैं? यहां कुछ सरल चीजें हैं जो काम आ सकती हैं!

अपने बालों को हफ्ते में 3-4 बार किसी जेंटल शैम्पू से धोने से आपके स्कैल्प को साफ रखने में मदद मिलती है। पसीना, धूल और जमी हुई अशुद्धियां रोम छिद्रों को बंद कर सकती है, जो बालों के झड़ने का कारण बन सकती है।

अपने बालों में नियमित रूप से तेल लगाएं। तेल लगाने से बालों का रूखापन कम होता है और सिर की त्वचा हाइड्रेट होती है। यह आपके बालों के रोम की रक्षा करता है और स्वस्थ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देता है। अपने गीले बालों को कभी भी ब्रश न करें। गीले होने पर आपके बाल सबसे कमजोर होते हैं और आसानी से टूट जाते हैं। हर 15 दिनों में एक बार बालों की मालिश करने से रक्त प्रवाह बढ़ता है और बदले में बालों की ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है। अपने बालों पर बहुत अधिक केमिकल्स के प्रयोग से बचें। केमिकल्स का उपयोग बालों को नुकसान पहुंचाता है और समय के साथ बाल झड़ने का कारण बनता है और इससे बचा जाना चाहिए। बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए उन फूड आइटम्स का सेवन करें जो प्रोटीन से भरपूर हों।

